**प्रश्न बैंक**

**10+2 हिंदी (ऐच्छिक) (2021-22)**

**(केवल विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए)**

**Only for Differently Abled (DA)**

**[For Autism Spectrum Disorder (ASD), Cerebral Palsy, Chronic Neurological Conditions, Specific Learning Disability, Multiple Disabilities including Deaf-blindness, Parkinson's Disease, Mental illness, Visually Impaired, Hearing impaired and Intellectual Disability (ID) students]**

**भाग-(क) (I) बहु वैकल्पिक प्रश्न**

**(प्राचीन काव्य)**

1- सूरदास के 'विनय के पद' के आधार पर श्रीकृष्ण की कृपा से कौन सिर पर छत्र धारण करके चलता है?

(क) बहरा व्यक्ति (ख) यशोदा

(ग) रंक व्यक्ति (घ) गूंगा व्यक्ति उत्तरः-रंक व्यक्ति

2- सूरदास के 'विनय के पद' के आधार पर श्री कृष्ण की कृपा से कौन ऊँचा पर्वत पार कर जाता है?

(क) अंधा व्यक्ति (ख) बहरा व्यक्ति

(ग) नन्द (घ) पंगु व्यक्ति उत्तरः-(घ) पंगु व्यक्ति

3- सूरदास के 'विनय के पद' के अनुसार नदियों-नालियों का पानी किसमें मिलकर पवित्र हो जाता है?

(क) कुएं में (ख) समुद्र में

(ग) सुरसरि में (घ) तालाब में उत्तरः-(ग) सुरसरि में

4- सूरदास के अनुसार 'समदरसी' नाम है:

(क) पारस का (ख) कंचन का

(ग) श्रीकृष्ण का (घ) गंगा का उत्तरः-(ग) श्रीकृष्ण का

5- सूरदास के अनुसार 'बधिक' का अर्थ है:-

(क) बाँधना (ख) कसाई (ग) नाला (घ) पारस उत्तरः-(ख) कसाई

6- सूरदास के अनुसार बलराम श्रीकृष्ण को कब चिढ़ाते हैं ?-

(क) शरारत करते देखकर (ख) गाय-चराते देखकर

(ग) यशोदा से शिकायत करने पर (घ) लड़कों के साथ खेलते देखकर

उत्तरः-(घ) लड़कों के साथ खेलते देखकर

7- सूरदास के अनुसार बलराम श्रीकृष्ण को किससे मोल लिया कहकर चिढ़ाते हैं?

(क) यशोदा से (ख) कंस से

(ग) नन्द से (घ) वसुदेव से उत्तरः-(घ) वसुदेव से

8- सूरदास के अनुसार 'लकुटि' का अर्थ है:

(क) लाठी (ख) छिपना (ग) काटना (घ) बुद्दि उत्तरः-(क) लाठी

9- सूरदास के अनुसार लोहे को कंचन सा खरा कौन करता है:

(क) नन्द (ख) सुरसरि (ग) बधिक (घ) पारस पत्थर **उत्तरः-(घ) पारस पत्थर**

10- 'ब्रजभूमि' में मीरा को वृंदावन अच्छा लगता है,क्योंकि यहाँ-

(क) वैद मिलते हैं (ख) सतगुरु मिलते हैं

(ग) साधु-संत मिलते हैं (घ) घर-घर ठाकुर की पूजा होती है

**उत्तरः-(घ) घर-घर ठाकुर की पूजा होती है**

11- मीराबाई के अनुसार नर जन्म फीका है:

(क) दूध बिना (ख) भोजन बिना

(ग) भजन बिना (घ) तुलसी बिना **उत्तरः-(ग) भजन बिना**

12- 'मीराबाई' के अनुसार उसकी पीड़ा कब मिटेगी, जब वैद:

(क) सांवलिया होंगे (ख) गुरु होंगे

(ग) नन्द होंगे (घ) साधु-संत होंगे **उत्तरः-(क) सांवलिया होंगे**

13- दरद की मारी 'मीरा' के श्रीकृष्ण क्या हैं?

(क) सतगुरु (ख) जौहरि (ग) संत (घ) वैद **उत्तरः-(घ) वैद**

14- 'पायो जी मैने राम-रत्न धन पायो' पद मीराबाई के किस उपखण्ड से लिया गया है?

(क) उपदेश (ख) सद्गुरु महिमा **उत्तरः-(ख) सद्गुरु महिमा**

(ग) ब्रजभूमि (घ) समर्पण

15- 'ब्रजभूमि' के अनुसार ब्रजभूमि में किसकी पूजा होती है?

(क) संतों की (ख) वैद की

(ग) तुलसी और ठाकुर (घ) साधुओं की **उत्तरः-(ग) तुलसी और ठाकुर**

16- मीराबाई के 'उपदेश' उपखण्ड अनुसार क्या छिन-छिन बढ़ता है और पल-पल घटता है?

(क) वृक्ष (ख) सागर (ग) बेड़ा (घ) मनुष्य जीवन **उत्तरः-(घ) मनुष्य जीवन**

17- मीरा को क्या अमोलक-वस्तु मिली है? 'सतगुरु महिमा' के आधार बताएँ :-

(क) धन (ख) हीने-जवाहरात

(ग) राम का नाम (घ) गुरु **उत्तरः-(ग) राम का नाम**

18- मीराबाई के अनुसार हम किसके नाम से संसार रूपी सागर से पार हो सकते हैं?

(क) राम नाम के बेड़े से (ख) साधु नाम के बेड़े से

(ग) ज्ञान के नाम से (घ) तुलसी नाम के बेडे से

**उत्तरः-(क) राम नाम के बेड़े से**

19- मीराबाई के अनुसार 'खेवटिया' का अर्थ है?

(क) चोर (ख) नाविक अर्थात खेवनहार

(ग) बेड़ा (घ) पूँजी

**उत्तरः-(ख) नाविक अर्थात खेवनहार**

20- मीराबाई के अनुसार 'बहुरि' का अर्थ है:

(क) वन (ख) बहुत (ग) फिर से (घ) वृक्ष **उत्तरः-(ग) फिर से**

21- 'ब्रजभूमि' के अनुसार मीरा को क्या अच्छा लगता है?

(क) गगन मंडल (ख) रतन सिंहासन (ग) वृन्दावन (घ) भोजन **उत्तरः- (ग) वृन्दावन**

22- मीराबाई के अनुसार 'आली' का अर्थ है:

(क) भंवरा (ख) सखी (ग) गगन (घ) सागर **उत्तरः-(ख) सखी**

23- बिहारी के अनुसार 'भव बाधा' का अर्थ है?

(क) भारी (ख) सागर की बाधा

(ग) सांसारिक कष्ट (घ) व्यर्थ **उत्तरः-(ग) सांसारिक कष्ट**

24- बिहारी के दोहे के अनुसार 'भगवान की भक्ति' के लिए ज़रूरी है?

(क) जाप (ख) तिलक

(ग) माला फेरना (घ) निर्मल मन से भक्ति उत्तरः- **(घ) निर्मल मन से भक्ति**

25- बिहारी के 'नीति के दोहे' के अनुसार सबसे बड़ी वस्तु कौन सी होती है?

(क) जो आकार में बड़ी हो (ख) जो आकार में बहुत बड़ी हो

(ग) जो वस्तु अति गहरी हो (घ) जो वस्तु समय पर काम आये

**उत्तरः-(घ) जो वस्तु समय पर काम आये**

26- बिहारी के 'नीति के दोहे' के अनुसार लोभी व्यक्ति क्या ओढ़कर सबके आगे माँगता फिरता है?

(क) चश्मा (ख) सूरत (ग) लोभ का चश्मा (घ) कनक **उत्तरः-(ग) लोभ का चश्मा**

27- बिहारी के नीति के दोहे के अनुसार नायिका के क्या लगाने से नायिका की शोभा अपार हो जाती है?

(क) तिलक (ख) माला (ग) छापा (घ) बिन्दी **उत्तरः-(घ) बिन्दी**

28- बिहारी के 'नीति के दोहे' के अनुसार कौन संसार को देख सकती है, पर अपने आप को नहीं देख सकती?

(क) नीलमणि (ख) जल (ग) आँख (घ) नदी **उत्तरः-(ग) आँख**

29- 'वर-याचना' में गुरु गोबिंद जी किस वर की याचना करते हैं?

(क) भयभीत होने की (ख) शुभ कर्मों से पीछे न हटने की

(ग) शिक्षा की (घ) काव्य रचना की **उत्तरः-(ख) शुभ कर्मों से पीछे न हटने की**

30- 'देह शिवा वर मोहि इहै' पंक्ति में कौन सा रस है?

(क) भयानक रस (ख) वीर रस (ग) करुण रस (घ) हास्य रस **उत्तरः-(ख) वीर रस**

31- 'अकाल उस्तुति' में गुरु जी ने अकाल पुरुष का कैसा रूप सिद्ध किया है?

(क) निर्गुण (ख) सगुण (ग) साकार (घ) महात्मा **उत्तरः- (क) निर्गुण**

32- 'भक्ति भावना' के माध्यम से गुरु जी किस पर विश्वास रखने को कह रहे हैं?

(क) स्वयं पर (ख) अपने बल पर (ग) सुंदर सिरी पद्मापति पर

(घ) शस्त्र पर **उत्तरः-(ग) सुंदर सिरी पद्मापति पर**

33- 'भक्ति भावना' में गुरु जी के अनुसार परमात्मा में कौन से विकार नहीं होते?

(क) काम-क्रोध (ख) लोभ-मोह-रोग

(ग) सोग-भोग-भय (घ) उपर्युक्त सभी **उत्तरः-(घ) उपर्युक्त सभी**

## (आधुनिक काव्य)

34- यशोधरा को सोते हुए कौन छोड़ गया? 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता के आधार पर बताएँ:

(क) अश्रु (ख) पति (ग) सखि (घ) भाग्य **उत्तरः-(ख) पति**

35- 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' के आधार पर नारियाँ युद्ध क्षेत्र में अपने पति को किस प्रकार भेजती है?

(क) आँसू बहाकर (ख) दुःखी होकर
(ग) तरस खाकर (घ) अस्त्र-शस्त्र से सुसिज्जत करके

**उत्तरः-(घ) अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित करके**

36- 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता के कवि का क्या नाम है?

(क) सुमित्रनन्दन पंत (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) अज्ञेय (घ) जयशंकर प्रसाद **उत्तरः-(ख) मैथिलीशरण गुप्त**

37- 'सच्ची मित्रता' के आधार पर मित्र कहाँ से पार लगाता है?

(क) नाव से (ख) दुःख से
(ग) संसार रूपी सागर से (घ) समुद्र से **उत्तरः-(ग) संसार रूपी सागर से**

38- 'याचना' कविता के कवि कौन हैं ?

(क) मीराबाई (ख) गुप्त
(ग) बिहारी (घ) जयशंकर प्रसाद **उत्तरः-(घ) जयशंकर प्रसाद**

39- 'सच्ची मित्रता' कविता के कवि कौन हैं?

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) गीता डोगरा
(ग) अज्ञेय (घ) धर्मवीर भारती **उत्तरः-(क) जयशंकर प्रसाद**

40- 'दो लड़के' कविता में दो लड़के हैं

(क) साफ-सुथरे (ख) मिट्टी के मटमैले और फुर्तीले
(ग)सुस्त (घ) अमीर **उत्तरः- (ख) मिट्टी के मटमैले और फुर्तीले**

41- मानव-मानव एक क्यों हो ? 'दो लड़के' कविता के आधार पर बताएँ :

(क) निर्माण के लिए (ख) विकास के लिए
(ग) मानवता के निर्माण के लिए (घ) उन्नति के लिए

**उत्तरः- (ग) मानवता के निर्माण के लिए**

42- 'पंद्रह अगस्त' कविता के आधार पर 'जीत की रात' का अर्थ है?

(क) स्वतंत्रता प्राप्ति की रात (ख) युद्ध में विजय
(ग) स्वर्ग पर विजय (घ) सीमा पर विजय

**उत्तरः- (क) स्वतंत्रता प्राप्ति की रात**

43- 'पंद्रह अगस्त' कविता में 'पहरुए' का अर्थ है?

(क) द्वार (ख) पहरेदार (ग) पतवार (घ) हिलोर **उत्तरः- (ख) पहरेदार**

44- ब्रह्मांड का स्वामी होने पर भी वह किसकी दूरी नहीं मिटा पाया है 'आदमी का अनुपात' के आधार पर बताएँ ?

(क) एक देश से दूसरे देश की (ख) समुद्र की
(ग) पर्वतों की (घ) मनुष्य-मनुष्य के बीच की

**उत्तरः- (घ) मनुष्य-मनुष्य के बीच की**

45- कवि 'बाँध' कविता में क्या बाँधने को कहता है?

(क) नदी पर बाँध (ख) चट्टानों पर बाँध

(ग) गुफाओं पर बाँध (घ) घृणा व द्वेष पर बाँध **उत्तरः- (घ) घृणा व द्वेष पर बाँध**

46- 'यातायात' कविता के कवि हैं?

(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) गीता डोगरा

(ग) धर्मवीर भारती (घ) अज्ञेय **उत्तरः- (ग) धर्मवीर भारती**

47- 'कृषि' कविता में कौन सी फसल काटने को कहा गया है?

(क) पसीने की (ख) दुर्भावनाओं की

(ग) आँसू की (घ) साँपों की **उत्तरः- (ख) दुर्भावनाओं की**

48- 'कृषि कविता के आधार पर बताएं कि 'सांपों की खेती' से क्या अभिप्राय है?

(क) दुर्भावनाओं की (ख) प्यार की

(ग) कल्याण की (घ) हमदर्दी की **उत्तरः- (क) दुर्भावनाओं की**

49- 'जुगनू की दस्तक' कविता के कवि कौन हैं?

(क) गीता डोगरा (ख) डॉ. चन्द्र त्रिखा

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) जयशंकर प्रसाद **उत्तरः- (ख) डॉ.चन्द्र त्रिखा**

50- 'पंत' जी का पूरा नाम है:

(क) रामधारी पंत (ख) नंदन पंत

(ग) गिरिजा कुमार पंत (घ) सुमित्रनन्दन पंत **उत्तरः- (घ) सुमित्रनन्दन पंत**

51- 'सुख-दुःख' कविता के आधार पर बताएँ कि जीवन कैसे परिपूर्ण हो जाता है,

(क) सुख से (ख) दुःख से (ग) आशा से (घ) सुख-दुःख से **उत्तरः- (घ) सुख-दुःख से**

52- कौन सी पीढ़ी बरगद के पेड़ से संतुष्ट है? 'पौधों की पीढियाँ' कविता के आधार पर बताएँ: (क) पहली (ख) दूसरी (ग) आधुनिक (घ) तीसरी **उत्तरः- (क) पहली**

53- कौन सी पीढ़ी के लोग बरगद के अस्तित्व को अस्वीकार करते हैं? 'पौधों की पीढ़ियाँ' कविता के आधार पर बता बताएँ:

(क) तीसरी (ख) दूसरी (ग) पहली और दूसरी (घ) पहली **उत्तर (क) तीसरी**

54- 'अंधेरे का दीपक' कविता किसका प्रतीक है ?

(क) आधुनिकता का (ख) निराशा का (ग) बिजली का (घ) आशा का

**उत्तरः- (घ) आशा का**

55- 'पौधों की पीढ़ियाँ' कविता के कवि हैं?

(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) डॉ- चन्द्र त्रिखा (घ) 'अज्ञेय' **उत्तरः- (क) हरिवंशराय बच्चन**

## (निबन्ध भाग)

56- सच्चे वीर पुरुष का स्वभाव कैसा होता है? 'सच्ची वीरता' निबन्ध के आधार पर बताएँ:

(क) धीर (ख) धीर, गम्भीर और आज़ाद

(ग) गम्भीर (घ) परिश्रमी **उत्तरः- (ख) धीर, गम्भीर और आज़ाद**

57- 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर बताएँ कि रामायण किसकी रचना है?

(क) गुरु नानक (ख) मीराबाई (ग) वाल्मीकि (घ) कुंभकर्ण **उत्तरः- (ग) वाल्मीकि**

58- 'सच्ची वीरता' निबंध के लेखक कौन हैं?

(क) प्रेमचंद (ख) अध्यापक पूर्ण सिंह
(ग) गुरु गोबिन्द सिंह (घ) विष्णु प्रभाकर **उत्तरः- (ख) अध्यापक पूर्ण सिंह**

59- 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर बताएँ कि मस्त हाथी और शेर ने किसके चरणों की धूल अपने मस्तक पर लगाई?
(क) कुंभकर्ण (ख) मीराबाई (ग) वाल्मीकि (घ) ओशियो **उत्तरः- (ख) मीराबाई**

60- 'समय नहीं मिला' निबंध में लेखक ने किन लोगों पर व्यंग्य किया है?
(क) समय का पालन करने वालों पर (ख) अमीरों पर
(ग) गरीबों पर (घ) समय का पालन न करने वालों पर
**उत्तरः- (घ) समय का पालन न करने वालों पर**

61- 'शार्टकट सब ओर' निबंध के लेखक कौन हैं?
(क) जैनेन्द्र कुमार (ख) प्रेमचंद
(ग) विष्णु प्रभाकर (घ) डॉ- संसारचन्द्र **उत्तरः- (घ) डॉ- संसारचन्द्र**

62- 'शार्टकट सब ओर' निबंध के आधार पर बतायें कि 'वाया बठिण्डा' का क्या अर्थ है?
(क) सही ढंग से शिक्षा अर्जित करना (ख) गैर कानूनी रूप से डिग्री खरीदना
(ग) बठिण्डा जाकर शिक्षा लेना (घ) पूरा कोर्स करना
**उत्तरः- (ख) गैर कानूनी रूप से डिग्री खरीदना**

63- 'शार्टकट सब ओर' कैसा निबंध है:
(क) हास्य-व्यंग्य (ख)भावात्मक (ग) सामाजिक (घ) वैज्ञानिक **उत्तरः-(क)हास्य-व्यंग्य**

64- 'गुरु गोबिन्द सिंह' निबंध के आधार पर बताएँ कि 'जफरनामा' किसकी रचना है?
(क) गुरु तेग बहादुर (ख) औरंगज़ेब
(ग) बंदा बैरागी (घ) गुरु गोबिंद सिंह **उत्तरः- (घ) गुरु गोबिंद सिंह**

65- 'क्या निराश हुआ जाए' ? निबंध में लेखक के अनुसार समाचार पत्र में किसे उजागर करना चाहिए ?
(क) केवल अच्छाई (ख) केवल बुराई को
(ग) झूठ को (घ) बुराई के साथ-साथ अच्छाई को
**उत्तरः- (घ) बुराई के साथ-साथ अच्छाई को**

66- 'क्या निराश हुआ जाए'? निबंध के आधार पर किसे धोखा दिया जा सकता हैं?
(क) धर्म को (ख) मनुष्य को
(ग) कानून को (घ) संस्कृति को **उत्तरः- (ग) कानून को**

67- विष्णु प्रभाकर ने किसके बोल पाने की बात कही है ? 'अगर ये बोल पातेः जलियाँवाला बाग़' निबन्ध के आधार पर उत्तर दें
(क) जलियांवाला बाग (ख) डॉ- किचलू
(ग) जनरल डायर (घ) डॉ- गुरुबख्श **उत्तरः- (क) जलियांवाला बाग**

68- जलियांवाला बाग में हत्याकांड कब हुआ? 'अगर ये बोल पातेः जलियाँवाला बाग़' निबन्ध के आधार पर उत्तर दें
(क) 13-4-1919 (ख) 13-6-1919
(ग) 13-08-1919 (घ) 23-04-1919 में **उत्तरः- (क) 13-04-1919 में**

69- 'समय नहीं मिला' निबंध किसकी रचना है?

(क) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (ख) अध्यापक पूर्ण सिंह

(ग) श्री मन्नारायण (घ) जयशंकर प्रसाद **उत्तरः- (ग) श्री मन्नारायण**

70- 'गुरु गोबिन्द सिंह' निबंध के लेखक कौन हैं?

(क) वीरेन्द्र मेहंदीरत्ता (ख) डॉ- संसार चन्द्र

(ग) डॉ- धर्मपाल मैनी (घ) विष्णु प्रभाकर **उत्तरः-(ग) डॉ.धर्मपाल मैनी**

71- गुरु गोबिन्द सिंह जी ने 'जफरनामा' किसे भेजा ? 'गुरु गोबिन्द सिंह' निबंध के आधार पर बताएँ।

(क) फतेहशाह को (ख) मुगल सरदारों को

(ग) शेख अफ़गान को (घ) औरंगजेब को **उत्तरः-(घ) औरंगज़ेब को**

72- युद्ध क्षेत्र में सबको जल कौन पिला रहा था? 'गुरु गोबिन्द सिंह' निबंध के आधार पर बताएँ।

(क) जोरावर सिंह (ख) फतेह सिंह

(ग) भाई कन्हैया (घ) बंदा बैरागी **उत्तरः-(ग) भाई कन्हैया**

73- 'क्या निराश हुआ जाए?' निबंध के लेखक का क्या नाम है?

(क) डॉ- हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (ख) श्री मन्नारायण

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) डॉ- धर्मपाल मैनी

**उत्तरः-(क) डॉ- हज़ारी प्रसाद द्विवेदी**

74- 'क्या निराश हुआ जाए' निबंध के आधार पर बताएँ कि आज ईमानदारी किसका पर्याय है?

(क) विद्वता का (ख) कर्मशीलता का

(ग) तेजस्वी का (घ) मूर्खता का **उत्तरः-(घ) मूर्खता का**

## (कहानी भाग)

75- 'मधुआ' कहानी के लेखक का नाम बताएँ :

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) मुंशी प्रेमचंद

(ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

**उत्तरः- (क) जयशंकर प्रसाद**

76- 'मधुआ' कहानी में शराबी ठाकुर का मन कैसे बहलाता था?

(क) गीत गाकर (ख) शराब पिलाकर

(ग) भजन सुनाकर (घ) कहानियाँ सुनाकर **उत्तरः- (घ) कहानियाँ सुनाकर**

77- 'मधुआ' कहानी में शराबी के मन में लड़के के प्रति हमदर्दी कैसे जागी?

(क) अनाथ के कारण (ख) गरीबी के कारण

(ग) नौकर होने के कारण (घ) मधुआ को रोता हुआ सुनकर

**उत्तरः-(घ) मधुआ को रोता हुआ सुनकर**

78- 'मधुआ' कहानी के आधार पर बताएँ कि शराबी खाना और मिठाई किसके लिए लाया?

(क) कुँवर साइब (ख) राम जी (ग) मधुआ (घ) ठाकुर सरदार सिंह **उत्तरः-(ग)मधुआ**

79- 'मधुआ' कहानी में शराबी ने किसके लिए गृहस्थी बनने की बात सोची ?

(क) मधुआ (ख) ठाकुर (ग) लल्लू (घ) राम जी **उत्तरः- (क) मधुआ**

80- 'दुनिया बड़ी पागल है,-पागलपन को भूलने के लिए मैं शराब पीने लगता हूँ सरकार'- 'मधुआ' कहानी के आधार पर बताएँ कि -यह वाक्य किसने कहा?

(क) ठाकुर साहब (ख) शराबी (ग) मधुआ (घ) नौकर **उत्तरः-(ख) शराबी**

81- 'मधुआ' कहानी में शराबी ने शराब न पीने की सौगन्ध क्यों ली?

(क) पैसे खत्म होने पर (ख) डाँट पड़ने पर

(ग) मधुआ के कारण (घ)काम करने के कारण **उत्तरः-(ग) मधुआ के कारण**

82- 'तत्सत' कहानी में पशु और-पेड़-पौधे किससे डर गये थे?

(क) विशालकाय हाथी (ख) खूंखार जानवर

(ग) आदमखोर जीव (घ) वन प्रदेश **उत्तरः-(घ) वन प्रदेश**

83- 'तत्सत' कहानी के लेखक कौन हैं?

(क) जैनेन्द्र कुमार (ख) मुंशी प्रेमचंद

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) सुमित्रनंदन पंत **उत्तरः-(क) जैनेन्द्र कुमार**

84- 'तत्सत' कहानी में 'बड़ दादा' कौन थे?

(क) वृद्ध (ख) बरगद का पेड़

(ग) लेखक (घ) शिकारी **उत्तरः-(ख) बरगद का पेड़**

85- पशु और पेड़ पौधे किससे भयातुर थे? 'तत्सत' कहानी के आधार पर बताएँ।

(क) शिकारी (ख) आदमी (ग) साँप (घ) वन से **उत्तरः-(घ) वन से**

86- शिकारी जन को देखकर कौन भड़क गए? 'तत्सत' कहानी के आधार पर बताएँ।

(क) बड़ दादा (ख) पशु और पेड़-पौधे

(ग) शीशम (घ) साँप **उत्तरः-(ख) पशु और पेड़-पौधे**

87- बड़ दादा "बिना जड़ वाले" किसे कहते हैं"? 'तत्सत' कहानी के आधार पर बताओ।

(क) वन (ख) जानवर (ग) साँप (घ) आदमी **उत्तरः-(घ) आदमी**

88- 'ठेस' कहानी के लेखक का नाम क्या है?

(क) मुंशी प्रेमचन्द (ख) फणीश्वरनाथ रेणु

(ग) संसार चन्द्र (घ) जैनेन्द्र कुमार **उत्तरः-(ख) फणीश्वरनाथ रेणु**

89- सभी बड़े-बड़े लोग सिरचन की तारीफ क्यों करते थे ? 'ठेस' कहानी के आधार पर बताओ।

(क) क्योंकि वह चटोर था (ख) क्योंकि वह मेहनती था

(ग) क्योंकि वह कहानीकार था (घ) क्योंकि वह उच्चकोटि का कलाकार था

**उत्तरः-(घ) क्योंकि वह उच्चकोटि का कलाकार था**

90- 'ठेस' कहानी का सिरचन कैसा कलाकार था?

(क) तरकारी बनाने वाला (ख) मिठाई बनाने वाला

(ग) शीतल पाटी, चिक आदि बनाने वाला (घ) सूप बनाने वाला

**उत्तरः-(ग) शीतल पाटी, चिक आदि बनाने वाला**

91- सिरचन काम क्यों अधूरा छोड़कर चला गया? 'ठेस' कहानी के आधार पर बताएँ।

(क) चाची की जली-कटी बातें सुनकर (ख) पेट भर न खिलाने के कारण

(ग) मज़दूरी के कारण (घ) गर्मी के कारण

**उत्तरः-(क) चाची की जली-कटी बातें सुनकर**

92- नाराज़ होने पर भी 'ठेस' कहानी का सिरचन मानू की विदाई के समय शीतल पाटी, चिक आदि उपहार लेकर आ गया क्योंकिः-

(क) चाची ने उसे मिठाई दी (ख) लेखक ने पैसे दिए

(ग) वह संवेदनशील कलाकार था (घ) चाची के डर से

**उत्तरः-(ग) वह संवेदनशील कलाकार था**

93- 'उपेक्षिता' कहानी के लेखक कौन हैं-

(क) फणीश्वरनाथ रेणु (ख) जैनेन्द्र कुमार

(ग) डॉ- वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता (घ) प्रेमचंद **उत्तरः-(ग) डॉ- वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता**

94- 'उपेक्षिता' कहानी में 'कमला' कौन है?

(क) लेखक की पत्नी (ख) मिसेज चोपड़ा

(ग) नर्स (घ) कहानीकार **उत्तरः-(क) लेखक की पत्नी**

95- 'तेरी क्या ज़रूरत थी'- 'उपेक्षिता' कहानी में यह वाक्य किसने कहा?

(क) लेखक ने पत्नी को (ख) मिसेज गुप्ता ने कमला को

(ग) पिता ने लेखक को (घ) मौसी ने नवजात बेटी को

**उत्तरः-(घ) मौसी ने नवजात बेटी को**

96- 'बच्चे भगवान के निकट होते हैं'-'उपेक्षिता' कहानी में यह वाक्य किसने कहा?

(क) नर्स (ख) कमला की अम्मा

(ग) मिसेज चोपड़ा (घ) लेखक **उत्तरः-(घ) लेखक**

## (एकांकी भाग)

97- 'वापसी' एकांकी में राय साहब का पूरा नाम क्या है?

(क) राय साहब नाथ (ख) राजा राय साहब

(ग) राय साहब राम प्रसन्न (घ) उदयशंकर भट्ट **उत्तरः-(ग) राय साहब राम प्रसन्न**

98 'वापसी' एकांकी में सिद्धेश्वर कौन है?

(क) राय साहब का भाई (ख) राय साहब का सगा रिश्तेदार

(ग) राय साहब का दूर का रिश्तेदार (घ) अम्बिका का पड़ोसी

**उत्तरः-(घ) अम्बिका का पड़ोसी**

99- राय साहब ने बर्मा में कितने वर्ष नौकरी की? 'वापसी' एकांकी के आधार पर बताएँ।

(क) 2 वर्ष (ख) 35 वर्ष (ग) 5 वर्ष (घ) 4 वर्ष **उत्तरः-(ख) 35 वर्ष**

100- 'वापसी' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं?

(क) उदयशंकर भट्ट (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) जगदीश चन्द्र माथुर (घ) विष्णु प्रभाकर **उत्तरः-(क) उदयशंकर भट्ट**

101 किसके चरित्र से 'वापसी' एकांकी में मानवीय मूल्यों की स्थापना की गई है?

(क) अम्बिका (ख) दीनानाथ (ग) सिद्धेश्वर (घ) सरोजिनी **उत्तरः-(ग) सिद्धेश्वर**

102- 'वापसी' एकांकी में कैश बॉक्स किसका है?

(क) सिद्धेश्वर (ख) राय साहब (ग) अम्बिका (घ) लेखक **उत्तरः-(ख) राय साहब**

103- 'वापसी' एकांकी का मुख्य पात्र कौन है?

(क) उदयशंकर भट्ट (ख) अम्बिका

(ग) सिद्धेश्वर (घ) राय साहब **उत्तरः-(घ) राय साहब**

104- "मैं अभी मरा नहीं हूँ" 'वापसी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ?

(क) राय साहब (ख) अम्बिका (ग) सिद्धेश्वर (घ) दीनानाथ **उत्तरः-(क) राय साहब**

105- मरणासन्न राय साहब के लिए शान्ति पाठ कौन कर रहा था? 'वापसी' एकांकी के आधार पर बताएँ।

(क) सिद्धेश्वर (ख) सरोजिनी (ग) राम प्रसन्न (घ) अम्बिका **उत्तरः-(क) सिद्धेश्वर**

106- 'वापसी' एकांकी में पात्र दीनानाथ कौन हैः

(क) पड़ोसी (ख) दूर का रिश्तेदार

(ग) रायसाहब का भाई (घ) रायसाहब का साला **उत्तरः-(ग) रायसाहब का भाई**

107- 'वापसी' एकांकी में कौन हैडक्लर्क के पद से रिटायर हुए हैं?

(क) भगीरथी (ख) चन्द्रिका (ग) रायसाहब (घ) वंशीधर **उत्तरः-(ग) रायसाहब**

108- राय साहब की दौलत कौन हथियाना चाहता है? 'वापसी' एकांकी के आधार पर बताएँ?

(क) सरोजिनी (ख) अम्बिका

(ग) दीनानाथ (घ) सरोजिनी, अम्बिका, दीनानाथ

**उत्तरः-(घ) सरोजिनी, अम्बिका, दीनानाथ**

109- 'वापसी' एकांकी में राय साहब वापिस जाने का फैसला क्यों लेते हैं?

(क) इलाज करवाने के लिए (ख) पुनः नौकरी करने

(ग) संबंधों के खोखले के कारण (घ) रंगून की याद में

**उत्तरः-(ग) संबंधों के खोखलेपन के कारण**

110- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के लेखक कौन हैं?

(क) उदयशंकर भट्ट (ख) जगदीशचन्द्र माथुर

(ग) विष्णु प्रभाकर (घ) जैनेन्द्र **उत्तरः-(ख) जगदीशचन्द्र माथुर**

111- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में रीढ़ की हड्डी का अर्थ हैः

(क) मनुष्य की रीढ़ की हड्डी (ख) रीढ़

(ग) टूटी हुई हड्डी (घ) चरित्र **उत्तरः-(घ) चरित्र**

112- उमा कौन है? 'रीढ़ की हड्डी एकांकी' के आधार पर बताएँ।

(क) शंकर की बेटी (ख) रतन की बेटी

(ग) गोपाल प्रसाद की बेटी (घ) रामस्वरूप की बेटी

**उत्तरः-(घ) रामस्वरूप की बेटी**

113- 'रीढ़ की हड्डी एकांकी' में उमा किसका प्रतिनिधित्व करती है?

(क) रूढ़िवादी नारी (ख) फैशनप्रिय विचारों का

(ग) पढ़ी-लिखी स्वाभिमानिनी युवती का (घ) परंपरावादी विचारों का

**उत्तरः-(ग) पढ़ी-लिखी स्वाभिमानिनी युवती का**

114- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किसका नाप-तोल किया जा रहा है?

(क) प्रेमा का (ख) उमा का

(ग) मेज़-कुर्सी का (घ) मकान का **उत्तरः-(ख) उमा का**

115- रामस्वरूप कौन हैं? 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर बताएँ।
(क) शंकर के पिता (ख) रतन के पिता
(ग) उमा के पिता (घ) गोपालप्रसाद के पिता **उत्तरः-(ग) उमा के पिता**

116- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के गोपालप्रसाद हैं-
(क) रतन के पिता (ख) प्रेमा के पति
(ग) उमा के पिता (घ) शंकर के पिता **उत्तरः-(घ) शंकर के पिता**

117- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा खरीददार किसे कहती है?
(क) राम स्वरूप को (ख) गोपाल प्रसाद को
(ग) प्रेमा को (घ) रतन को **उत्तरः-(ख) गोपाल प्रसाद को**

118- 'जी हाँ, और हमारी बेइज्ज़ती नहीं होती' यह वाक्य 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किसने कहा ?
(क) रामस्वरूप (ख) रतन (ग) प्रेमा (घ) उमा **उत्तरः-(घ) उमा**

119- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य पात्र कौन है?
(क) उमा (ख) शंकर (ग) गोपाल प्रसाद (घ) रामस्वरूप **उत्तरः-(क) उमा**

120- 'जी हाँ, कोई नौकरी तो करानी नहीं' 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ?
(क) गोपाल प्रसाद (ख) शंकर (ग) प्रेमा (घ) रतन **उत्तरः-(ख) शंकर**

## समास/समास-विग्रह सम्बन्धी प्रश्न

121- 'यथा नियम' का सही समास विग्रह कौन सा है?
(क) नियम अनुसार (ख) नियम के अनुसार
(ग) जैसे नियम (घ) नियम यथा **उत्तरः-(ख) नियम के अनुसार**

122- 'देशभक्ति' का सही समास विग्रह कौन सा है?
(क) देश में भक्ति (ख) देश की भक्ति
(ग) देश के लिए भक्ति (घ) देश पर भक्ति **उत्तरः-(ग) देश के लिए भक्ति**

123- 'प्रतिवर्ष' का सही समास विग्रह कौन सा है?
(क) वर्ष-वर्ष (ख) वर्ष के अनुसार
(ग) वार्षिक वर्ष (घ) वर्ष में वर्ष **उत्तरः-(क) वर्ष-वर्ष**

124 'यथाकाल' का सही विग्रह कौन सा है?
(क) काल में (ख) काल के अनुसार
(ग) काल-काल (घ) काल के लिए **उत्तरः-(ख) काल के अनुसार**

125- 'प्रतिमास' का सही समास विग्रह कौन सा है?
(क) प्रति के अनुसार मास (ख) मास को
(ग) मास-मास (घ) प्रत्येक मास **उत्तरः-(ग) मास-मास**

126- 'प्रति सप्ताह' का सही समास विग्रह कौन सा है?
(क) सप्ताह के अनुसार (ख) सप्ताह-सप्ताह

(ग) सप्ताह के लिए (घ) सप्ताह में **उत्तरः-(ख) सप्ताह-सप्ताह**

127- 'हस्तलिखित' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) हस्त में लिखित (ख) हस्त के लिए लिखित

(ग) हस्त से लिखित (घ) हस्त पर लिखित **उत्तरः-(ग) हस्त से लिखित**

128 'रेखांकित' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) रेखा से अंकित (ख) रेखा में अंकित

(ग) रेखा के लिए अंकित (घ) रेखा को अंकित **उत्तरः-(क) रेखा से अंकित**

129- 'सत्याग्रह' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) सत्य से आग्रह (ख) सत्य में आग्रह

(ग) सत्य द्वारा आग्रह (घ) सत्य के लिए आग्रह **उत्तर (घ)सत्य के लिए आग्रह**

130- 'धर्मशाला' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) धर्म में शाला (ख) धर्म से शाला

(ग) धर्म को शाला (घ) धर्म के लिए शाला **उत्तरः-(घ) धर्म के लिए शाला**

131- 'ध्यानमग्न' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) ध्यान में मग्न (ख) ध्यान से मग्न

(ग) ध्यान को मग्न (घ) ध्यान पर मग्न **उत्तरः- (क) ध्यान में मग्न**

132- 'ऋण मुक्त' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) ऋण में मुक्त (ख) ऋण से मुक्त

(ग) ऋण के लिए मुक्ति (घ) ऋण द्वारा मुक्त **उत्तरः-(ख) ऋण से मुक्त**

133- 'गृह प्रवेश' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) गृह को प्रवेश (ख) गृह में प्रवेश

(ग) गृह के लिए प्रवेश (घ) गृह पर प्रवेश **उत्तरः-(ख) गृह में प्रवेश**

134- 'सिरदर्द' का सही समास विग्रह हैः-

(क) सिर पर दर्द (ख) सिर का दर्द

(ग) सिर से दर्द (घ) सिर में दर्द उत्तरः-(घ) सिर में दर्द

135- 'घुड़ दौड़' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) घोड़ों पर दौड़ (ख) घोड़ों की दौड़

(ग) घोड़ों के लिए दौड़ (घ) घोड़े की दौड़ **उत्तरः-(ख) घोड़ों की दौड़**

136- 'राष्ट्रपति' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) राष्ट्र का पति (ख) राष्ट्र से पति

(ग) राष्ट्र के लिए पति (घ) राष्ट्र में पति **उत्तरः-(क) राष्ट्र का पति**

137- 'आप बीती' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) आप से बीती (ख) आप पर बीती

(ग) आप के लिए बीती (घ) आप में बीती **उत्तरः-(ख) आप पर बीती**

138- 'नीति निपुण' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) नीति में निपुण (ख) नीति के लिए निपुण

(ग) नीति से निपुण (घ) नीति पर निपुण **उत्तरः-(क) नीति में निपुण**

139- 'भयभीत' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) भय में भीत (ख) भय को भीत

(ग) भय के लिए भीत (घ) भय से भीत **उत्तरः-(घ) भय से भीत**

140- 'गौशाला' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) गाय शाला (ख) गौ के लिए शाला

(ग) गौ पर शाला (घ) गौ में शाला **उत्तरः-(ख) गौ के लिए शाला**

141- 'घुड़सवार' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) घोड़ों पर सवार (ख) घोड़े पर सवार

(ग) घोड़े की सवारी (घ) घुड़ पर सवार **उत्तरः-(ख) घोड़े पर सवार**

142- 'विद्यालय' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) विद्या में आलय (ख) विद्या के लिए आलय

(ग) विद्या पर आलय (घ) विद्या से आलय **उत्तर-(ख)विद्या के लिए आलय**

143- 'बाढ़ पीड़ित' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) बाढ़ से पीड़ित (ख) बाढ़ में पीड़ित

(ग) बाढ़ को पीड़ित (घ) बाढ़ पर पीड़ित **उत्तरः-(क) बाढ़ से पीड़ित**

144- निम्नलिखित में से 'पथ भ्रष्ट' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) पथ में भ्रष्ट (ख) पथ से भ्रष्ट

(ग) पथ पर भ्रष्ट (घ) पथ को भ्रष्ट **उत्तरः-(ख) पथ से भ्रष्ट**

145- 'राम भक्ति' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) राम पर भक्ति (ख) राम को भक्ति

(ग) राम में भक्ति (घ) राम के लिए भक्ति **उत्तरः(घ)राम के लिए भक्ति**

146- 'स्वर्गगत' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) स्वर्ग को गत (ख) स्वर्ग के लिए गत

(ग) स्वर्ग में गत (घ) स्वर्ग से गत **उत्तरः-(क) स्वर्ग को गत**

147- 'महान है जो देव' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) महादेवा (ख) महादेव (ग) महान देवा (घ) महदेव **उत्तरः-(ख) महादेव**

148- 'तीन फलों का समूह' का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) त्रिभुज (ख) त्रिकोण (ग) त्रिलोक (घ) त्रिफला **उत्तरः-(घ) त्रिफला**

149- 'नीलकमल' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) नील को कमल (ख) नील में कमल

(ग) नीला है जो कमल (घ) नील पर कमल **उत्तरः-(ग) नीला है जो कमल**

150- 'लाल मिर्च' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) लाल में मिर्च (ख) लाल पर मिर्च

(ग) लाल है जो मिर्च (घ) लाल से मिर्च **उत्तरः-(ग) लाल है जो मिर्च**

151- 'उत्तम है जो पुरुष' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) पुरुष है उत्तम (ख) उत्तम में पुरुष

(ग) उत्तम पुरुष (घ) पुरुषोत्तम उत्तरः-(घ) पुरुषोत्तम

152- 'घनश्याम' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) घन में श्याम (ख) घन के समान श्याम

(ग) घन पर श्याम (घ) घन के लिए श्यामबी **उत्तर(ख)घन के समान श्याम**

153- 'चन्द्र के समान मुख' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) चन्द्रोमुख (ख) चन्द्र समान मुख

(ग) चन्द्रमुखी (घ) चन्द्रमुख **उत्तरः-(घ) चन्द्रमुख**

154- 'कर कमल' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) कर का कमल (ख) कर पर कमल

(ग) कर है जो कमल के समान (घ) कर के लिए कमल

**उत्तरः- (ग) कर है जो कमल के समान**

155- 'तिरंगा' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) तीन रंग (ख) त्रिरंगी

(ग) तीन समूह (घ) तीन रंगों का समूह **उत्तरः- (घ) तीन रंगों का समूह**

156- 'दोपहर' समास का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) दो पहरों का समूह (ख) दूसरा पहर

(ग) दुगुना पहर (घ) दो पहरों के लिए समूह

**उत्तरः- (क) दो पहरों का समूह**

157- 'दहीबड़ा' का सही विग्रह कौन सा है?

(क) दही में डूबा हुआ बड़ा (ख) दही सा बड़ा

(ग) दही का बड़ा (घ) दही के लिए बड़ा

**उत्तरः- (क) दही में डूबा हुआ बड़ा**

158- 'रेलगाड़ी' का सही विग्रह कौन सा है?

(क) रेल में गाड़ी (ख) रेल की गाड़ी

(ग) रेल पटरी पर चलने वाली गाड़ी (घ) रेल से गाड़ी

**उत्तरः- (ग) रेल पटरी पर चलने वाली गाड़ी**

159- निम्नलिखित में 'सीता और राम' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) सीता-राम (ख) राम-सीता

(ग) सीता-राम (घ) सियाराम **उत्तरः- (क) सीता-राम**

160- 'माता-पिता' समास का सही विग्रह हैः-

(क) माता और पिता (ख) माता को पिता

(ग) माता से पिता (घ) माता, पिता **उत्तरः- (क) माता और पिता**

161- 'पीताम्बर' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) पीत है अंबर जिसका अर्थात श्रीकृष्ण (ख) पीता अंबर

(ग) पीत हो अंबर (घ) पीत-अंबर

**उत्तरः- (क) पीत है अंबर जिसका अर्थात श्रीकृष्ण**

162- 'चक्र है हाथ में जिसके' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) चक्र हस्त (ख) चक्रपाणि (ग) चक्रधारी (घ) चक्रहथ **उत्तरः- (ख) चक्रपाणि**

163- निम्नलिखित में 'पतझड़' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) पत्ते झड़ते हैं (ख) झड़ते हैं पत्ते जिसमें अर्थात ऋतु विशेष

(ग) पत्ते जो हैं झड़ते (घ) झाड़ के पत्ते

**उत्तरः- (ख) झड़ते हैं पत्ते जिसमें अर्थात ऋतु विशेष**

164-निम्नलिखित में 'गिरि को धारण करने वाला' विग्रह का समस्त पद (समास) कौन सा है?

(क) गीरीधारी (ख) गीरधारी

(ग) गिरिधर (घ) गिरीधर **उत्तरः- (ग) गिरिधर**

165- निम्नलिखित में 'पंकज' समास का सही विग्रह कौन सा है?

(क) जल में उत्पन्न (ख) पंक (कीचड़) में पैदा हो जो (कमल)

(ग) पक गया हो जो (घ) पंक हो जो

**उत्तरः- (ख) पंक (कीचड़) में पैदा हो जो (कमल)**

## (हिंदी साहित्य का इतिहास)

166 रीतिकाल का समय कब से कब माना जाता है?

(क) सन् 1643 से 1843 (ख) सन् 1651 से 1671

(ग) सन् 1645 से 1845 (घ) सन् 1650 से 1670 **उत्तरः-(क)सन् 1643 से 1843**

167 'हिंद की चादर' किसे कहा जाता है?

(क) गुरु गोबिंद सिंह (ख) गुरु हरिराय जी

(ग) गुरु हरिगोबिंद सिंह (घ) गुरु तेगबहादुर **उत्तरः- (घ) गुरु तेगबहादुर**

168 अकबर के बाद कौन राजा बना?

(क) हुमायूँ (ख) बाबर (ग) औरंगजेब (घ) जहाँगीर **उत्तरः- (घ) जहाँगीर**

169 'बिहारी सतसई' किस कवि की रचना है?

(क) केशव (ख) बिहारी (ग) महाकवि देव (घ) घनानंद **उत्तरः- (ख) बिहारी**

170 'ईसवी सन्' में कितने वर्ष जोड़ने पर विक्रमी संवत् बनता है?

(क) 40 वर्ष (ख) 45 वर्ष (ग) 57 वर्ष (घ) 50 वर्ष **उत्तरः- (ग) 57 वर्ष**

171 भारत अंग्रेज़ों की गुलामी से कब स्वतंत्र हुआ ?

(क) 16 अगस्त 1947 में (ख) 15 अगस्त 1947 में

(ग) 18 अगस्त 1947 में (घ) 17 अगस्त 1947 में

**उत्तरः- (ख) 15 अगस्त 1947 में**

172 भारत-चीन युद्ध कब हुआ?

(क) सन् 1960 में (ख) सन् 1964 में

(ग) सन् 1962 में (घ) सन् 1965 में **उत्तरः- (ग) 1962 में**

173 निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद की कौन सी रचना है?

(क) याचना (ख) साँप (ग) सुख दुःख (घ) कच्चे रंग **उत्तरः-(क) याचना**

174 कवि अज्ञेय का जन्म कब हुआ?

(क) सन् 1911 में (ख) सन् 1935 में

(ग) सन् 1912 में (घ) 1938 में **उत्तरः- (क) 1911 में**

174 महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ?

(क) सन् 1909 में (ख) सन् 1911 में

(ग) सन् 1907 में (घ) सन् 1915 में

उत्तरः- **(ग) 1907 में**

176 प्रथम महायुद्ध कब हुआ था ?

(क) सन् 1916 में (ख) सन् 1914 में

(ग) सन् 1917 (घ) सन् 1918 में

उत्तरः-**(ख) सन् 1914 में**

177 छायावाद के प्रवर्त्तक कवि किसे माना जाता है?

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(ग) सुमित्रनंदन पंत (घ) हरिवंशराय बच्चन उत्तरः-**(क) जयशंकर प्रसाद**

178 'साकेत' किस कवि की रचना है?

(क) सुमित्रनंदन पंत (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) अज्ञेय (घ) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला उत्तरः-**(ख) मैथिलीशरण गुप्त**

179 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कब हुआ था ?

(क) सन् 1850 में (ख) सन् 1860 में

(ग) सन् 1857 में (घ) सन् 1848 में उत्तरः-**(ग) सन् 1857 में**

180 'आर्य समाज' के संस्थापक कौन थे?

(क) स्वामी विवेकानन्द (ख) स्वामी दयानंद सरस्वती

(ग) राजा राममोहन राय (घ) महादेव गोबिंद राणा

उत्तरः-**(ख) स्वामी दयानंद सरस्वती**

181 आधुनिक काल की शुरूआत किस कवि से मानी जाती है?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(ग) धर्मवीर भारती (घ) अज्ञेय उत्तरः-**(ख) भारतेंदु हरिश्चंद्र**

182 'ब्रह्म समाज' के संस्थापक कौन थे?

(क) स्वामी दयानंद सरस्वती (ख) विनोबा भावे

(ग) राजा राममोहन राय (घ) स्वामी विवेकानंद

उत्तरः-**(ग) राजा राममोहन राय**

183 'आर्य समाज' की स्थापना कब हुई?

(क) सन् 1880 में (ख) सन् 1875 में

(ग) सन् 1882 में (घ) सन् 1886 में उत्तरः-**(ख) सन् 1875 में**

184 हिंदी साहित्य में 'आधुनिक युग की मीरा' किसे कहा जाता है?

(क) महादेवी वर्मा (ख) गीता डोगरा

(ग) सुभद्राकुमारी चौहान (घ) मीराबाई उत्तरः-**(क) महादेवी वर्मा**

## मिलान करें

### (हिंदी साहित्य का इतिहास)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | रीतिकाल को अलंकृत काल किसने कहा? | आचार्य रामचंद्र शुक्ल | 2 |
| 2 | रीतिकाल को रीतिकाल किसने कहा? | रमाशंकर शुक्ल रसाल | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | रीतिकाल को शृंगार कसने कहा? | मिश्र बंधुओं ने | 1 |
| 4 | रीतिकाल का कलाकाल किसने कहा? | आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र | 3 |
| 5 | रीतिसिद्ध कवि | केशव, देव | 6 |
| 6 | रीतिबद्ध कवि | घनानन्द, आलम | 7 |
| 7 | रीतिमुक्त कवि | बिहारी, वृन्द | 5 |
| 8 | 'कविप्रिया' के रचयिता | बिहारी | 9 |
| 9 | 'बिहारी सतसई' के रचयिता | केशव | 8 |
| 10 | 'सुजान सागर' के रचयिता | भूषण | 11 |
| 11 | 'शिवराज भूषण' के रचयिता | घनानंद | 10 |
| 12 | 'रीतिकाल' विभाजन की दृष्टि से कौन सा काल है? | चौथा काल | 13 |
| 13 | 'आधुनिक काल' विभाजन की दृष्टि से कौन सा काल है? | तीसरा काल | 12 |
| 14 | 'देह शिवा वर मोहि इहै, शुभ करमन ते कबहुँ न टरौं'-के रचयिता | गुरु तेग बहादुर | 15 |
| 15 | हिंद की चादर | गुरु गोबिंद सिंह | 14 |
| 16 | प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कब हुआ? | 1905 | 18 |
| 17 | इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना कब हुई? | 1919 | 19 |
| 18 | बंगाल का विभाजन कब हुआ? | 1885 | 17 |
| 19 | जलियाँवाला बाग़ हत्याकांड कब हुआ? | 1929 | 20 |
| 20 | गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन कब चलाया? | 1857 | 16 |
| 21 | भारत और पाक के बीच पहला बड़ा युद्ध कब हुआ | 1962 | 22 |
| 22 | भारत और चीन के बीच युद्ध कब हुआ? | 1825 | 23 |
| 23 | 'ब्रह्म समाज' की स्थापना कब हुई? | 1875 | 24 |
| 24 | 'आर्य समाज' की स्थापना कब हुई? | 1867 | 25 |
| 25 | 'प्रार्थना समाज' की स्थापना कब हुई? | 1965 | 21 |
| 26 | 'आर्य समाज' के संस्थापक | राजा राम मोहनराय | |
| 27 | 'प्रार्थना समाज' के संस्थापक | स्वामी दयानंद सरस्वती | 26 |
| 28 | 'ब्रह्म समाज' के संस्थापक | केशवचंद्र सेन | 27 |
| 29 | 'आधुनिक हिंदी' के जन्मदाता | जयशंकर प्रसाद | 30 |
| 30 | 'छायावाद' के प्रवर्तक | अज्ञेय | 31 |
| 31 | 'प्रयोगवाद' के प्रवर्त्तक | भारतेन्दु हरिश्चंद्र | 29 |
| 32 | 'याचना' कविता के रचयिता | सुमित्रनंदन पंत | 33 |
| 33 | 'सुख दुःख' कविता के रचयिता | जयशंकार प्रसाद | 32 |
| 34 | 'पौधों की पीढियाँ' कविता के रचयिता | अज्ञेय | 35 |
| 35 | 'साँप' कविता के रचयिता | हरिवंश राय बच्चन | 34 |
| 36 | 'मानव बनो' मानव ज़रा' कविता के रचयिता | गिरिजाकुमार माथुर | 37 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | 'आदमी का अनुपात' कविता के रचयिता | शिवमंगल सिंह सुमन | 36 |
| 38 | 'बाँध' कविता के रचयिता | डॉ- चन्द्र त्रिखा | 39 |
| 39 | 'जुगनू की दस्तक कविता के रचयिता | गीता डोगरा | 40 |
| 40 | 'कच्चे रंग' कविता के रचयिता | धर्मवीर भारती | 38 |

## निबन्ध , कहानी तथा एकांकी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 41 | 'क्या निराश हुआ जाए?' निबंध के लेखक | श्री मन्नारायण | 42 |
| 42 | 'समय नहीं मिला' निबंध के लेखक | डॉ- संसारचन्द्र | 43 |
| 43 | 'शार्टकट सब ओर' निबंध के लेखक | डॉ-हज़ारी प्रसाद द्विवेदी | 41 |
| 44 | 'मधुआ' कहानी के लेखक | उदयशंकर भट्ट | 48 |
| 45 | 'तत्सत्' कहानी के लेखक | जगदीशचन्द्र माथुर | 49 |
| 46 | 'ठेस' कहानी के लेखक | जैनेन्द्र कुमार | 45 |
| 47 | 'उपेक्षिता' कहानी के लेखक | जयशंकर प्रसाद | 44 |
| 48 | 'वापसी' एकांकी के लेखक | डॉ. वीरेन्द्र मेहंदीरत्ता | 47 |
| 49 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के लेखक | फणीश्वरनाथ रेणु | 46 |
| 50 | 'वापसी' एकांकी में प्रमुख पात्र जो बर्मा से वापिस आए हैं | दीनानाथ | 52 |
| 51 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब का साला | वंशीधर | 53 |
| 52 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब का भाई | कृपानाथ | 51 |
| 53 | 'वापसी' एकांकी में दीनानाथ का साला | रायसाहब रामप्रसन्न | 50 |
| 54 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब का सम्बन्धी | अंबिका | 54 |
| 55 | 'वापसी' एकांकी में अम्बिका का पड़ोसी | भगीरथी | 58 |
| 56 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब की लड़की | सरोजिनी | 57 |
| 57 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब की साली | सिद्धेश्वर | 55 |
| 58 | 'वापसी' एकांकी में अंबिका की स्त्री | चंद्रिका | 56 |
| 59 | 'वापसी' एकांकी में रायसाहब के लिए डॉक्टर को कौन बुलाता है? | कृपानाथ | 60 |
| 60 | 'वापसी' एकांकी में सरोजिनी किसे घसीटकर कमरे में बंद कर देती है | सिद्धेश्वर | 59 |
| 61 | 'वापसी' एकांकी में किसके हाथ से चाबी का गुच्छा गिर जाता है? | प्रेमा | 63 |
| 62 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में रामस्वरूप की बेटी | दीनानाथ | 61 |
| 63 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में रामस्वरूप की पत्नी | उमा | 62 |
| 64 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लड़के के पिता का नाम | रतन | 65 |
| 65 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में नौकर | शंकर | 66 |
| 66 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लड़के का नाम,जो उमा को देखने आता है? | गोपालप्रसाद | 64 |
| 67 | राम स्वरूप ने लड़के वालों को उमा की शिक्षा | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | के बारे में क्या बताया ? | बी-ए-पास | 68 |
| 68 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा कितनी पढ़ी-लिखी थी? | दसवीं पास | 67 |
| 69 | 'जनाब, मोर के पंख होते हैं, मोरनी के नहीं।' 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ? | उमा | 70 |
| 70 | 'जी हाँ, और हमारी बेइज़्ज़ती नहीं होती जो आप इतनी देर से नाप-तौल कर रहे हैं' 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ? | गोपाल प्रसाद | 69 |
| 71 | 'जी हाँ, और मर्द की दाढ़ी होती है, औरतों की नहीं। 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ? | शंकर | 72 |
| 72 | 'जी हाँ, कोई नौकरी तो करानी नहीं, 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह वाक्य किसने कहा ? | रामस्वरूप | 71 |
| 73 | 'सच्ची वीरता' निबंध के अनुसार जापान का एक ग्रामीण | राणा | 74 |
| 74 | 'सच्ची वीरता' निबंध के अनुसार किसने मीराबाई को ज़हर से मारना चाहा? | मरदाना | 75 |
| 75 | 'सच्ची वीरता' निबंध के अनुसार गुरु नानक ने किसे सारंगी बजाने को कहा? | ओशियो | 73 |
| 76 | 'क्या निराश हुआ जाए' निबंध के अनुसार अड्डे से बस कौन लाया? | ड्राइवर | 77 |
| 77 | 'क्या निराश हुआ जाए'? निबंध में कुछ यात्रियों ने किसे पीटने का मन बनाया? | कंडक्टर | 76 |
| 78 | जलियाँवाला बाग़ में सन् 1919 में किसने सभा बुलायी थी? | जनरल डायर | 79 |
| 79 | जलियाँवाला बाग़ में निहत्थे लोगों पर किसने गोलियाँ चलाने का आदेश दिया? | वैद्य दुर्गादास | 80 |
| 80 | जलियाँवाला बाग़ में दूसरा प्रस्ताव किसने पढ़ना शुरू किया था? | डॉ- गुरुबख़्श राय | 78 |
| 81 | जलियाँवाला बाग में किसका चित्र कुर्सी पर रखा था? | महात्मा गाँधी | 82 |
| 82 | 'अगर ये बोल पातेः जलियाँवाला बाग' निबंध के अनुसार किसने हड़ताल का ऐलान किया था? | डॉ- किचलू | 81 |
| 83 | 'समय नहीं मिला' निबंध में किस मशहूर अंग्रेज़ी साहित्य सेवी का ज़िक्र है? | कार्तिकेय | 85 |
| 84 | 'शार्टकट सब ओर' निबंध के अनुसार भगवान शिव की परिक्रमा किसने की? | डॉ- जानसन | 83 |
| 85 | 'शार्टकट सब ओर' निबंध में कौन युवराज पद | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | के मुकाबले में हार गया? | | |
| 86 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार औरंगज़ेब की आज्ञा से कौन हिंदुओं पर अत्याचार कर रहा था? | गणेश | 84 |
| 87 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार कहलूर का कौन सा राजा गुरु गोबिंद सिंह से वैर रखता था? | भीमचंद | 87 |
| 88 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध में किस गढ़वाल के राजा का ज़िक्र है? | अपफ़गान | 86 |
| 89 | 'गुरु गोबिंद सिंह' जी ने जफरनामा किसे लिखा? | औरंगज़ेब | 89 |
| 90 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार गुरु जी की बलिदान देने की घोषणा सुनकर सबसे पहले कौन आगे आया? | फतेहशाह | 88 |
| 91 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार गुरु जी की बलिदान देने की घोषणा सुनकर दूसरे बलिदान के लिए कौन आया? | झीवर हिम्मतराय | 94 |
| 92 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार गुरु जी की बलिदान देने की घोषणा सुनकर तीसरे बलिदान के लिए कौन आया? | खत्री दयाराम | 90 |
| 93 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार गुरु जी की बलिदान देने की घोषणा सुनकर चौथे बलिदान के लिए कौन आया? | नाई साहबचंद | 93 |
| 94 | 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के अनुसार गुरु जी की बलिदान देने की घोषणा सुनकर पाँचवे बलिदान के लिए कौन आया? | जाट धर्मदास | 91 |
| 95 | 'मधुआ' कहानी में मधुआ को किसने पीटा? | धोबी मोहकम चंद | 92 |
| 96 | 'मधुआ' कहानी में ठाकुर साहब का जमादार कौन था? | लल्लू | 96 |
| 97 | 'मधुआ' कहानी में रोते हुए बालक को अपने साथ कौन ले गया? | कुँवर साहब | 95 |
| 98 | 'मधुआ' कहानी में शराबी ने किसके पास सान धरने की कल रखी थी? | राम जी | 98 |
| 99 | 'मधुआ कहानी में कहानी सुनने का शौकीन कौन था? | शराबी | 97 |
| 100 | 'मधुआ' कहानी में ठाकुर की हवेली छोड़ने का निश्चय किसने किया? | मधुआ | 100 |
| 101 | 'तत्सत' कहानी में वन के नाम से कौन भयभीत हो गये? | ठाकुर सरदार सिंह | 99 |
| | | शिकारी | 102 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 102 | 'तत्सत' कहानी में वन में कौन दो लोग पहुँचे? | पशु और पेड़-पौधे | 101 |
| 103 | 'तत्सत' कहानी में दादा कौन हैं? | बाँस | 104 |
| 104 | 'तत्सत' कहानी में वंश बाबू कौन है? | बड़ वृक्ष | 103 |
| 105 | 'ठेस' कहानी में सच्चा कलाकार कौन है? | लेखक | 108 |
| 106 | 'ठेस' कहानी में सिरचन का अपमान किसने किया? | मानू | 107 |
| 107 | 'ठेस' कहानी में मोहर छाप वाली धोती का दाम कौन देने लगी थी? | सिरचन | 105 |
| 108 | 'ठेस' कहानी में सिरचन को मनाने कौन गया था? | मानू की चाची | 106 |
| 109 | 'उपेक्षिता' कहानी में लेखक की पत्नी का क्या नाम है? | मिसेज गुप्ता | 110 |
| 110 | 'उपेक्षिता' कहानी में "आपकी तो बेटी ही बड़ी स्वीट है" यह वाक्य किसने कहा ? | नर्स | 111 |
| 111 | 'उपेक्षिता' कहानी में "बेबी के कपड़े कहाँ है' यह वाक्य किसने कहा ? | कमला के पिता | 112 |
| 112 | 'कोई बात नहीं, घर में लक्ष्मी आई है'-उपेक्षिता कहानी में यह वाक्य किसने कहा ? | कमला | 109 |
| 113 | "क्या बात हो गयी, लड़की की चिंता लग गयी क्या?" उपेक्षिता कहानी में यह वाक्य किसने कहा? | मिसेज़ चोपड़ा | 114 |
| 114 | "मैं तो कहती हूँ लड़की हो या लड़का, पर हो किस्मत वाला" 'उपेक्षिता' कहानी में यह वाक्य किसने कहा ? | मिस्टर सहगल | 113 |

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। (प्राचीन कविता)

1- सूरदास के 'वात्सल्य भाव' में यशोदा ने --------को गले से लगा लिया।
**उत्तरः-(श्रीकृष्ण)**

2- सूरदास के विनय के पद' में श्रीकृष्ण की कृपा से ----------भी बोलने लगता है।
**उत्तरः-(गूंगा)**

3- सूरदास के 'वात्सल्य भाव' में श्रीकृष्ण -----------की शिकायत करते हैं।
**उत्तरः-(बलराम)**

4- सूरदास के 'वात्सल्य भाव में ----------ने श्रीकृष्ण को हँसते -हँसते गले से लगा लिया।
**उत्तरः-(नंद)**

5- मीराबाई की 'ब्रजभूमि' में ---------- में पवित्र जल बहता है। **उत्तरः-(यमुना)**

6- मीराबाई की 'ब्रजभूमि में घर-घर में ----------- के दर्शन होते हैं। **उत्तरः-(गोविन्द)**

7- बिहारी के 'सौंदर्य वर्णन' में श्रीकृष्ण ----------रंग के वस्त्र पहने सुशोभित होते हैं।
**उत्तरः-(पीले)**

8- बिहारी के 'नीति के दोहे में' -------व्यक्ति घर-घर जाकर माँगता है। **उत्तरः-(लालची)**

9- बिहारी के 'सौंदर्य वर्णन' में एक अंक के साथ बिंदी लगाने से उसकी गिनती---------- गुणा बढ़ जाती है।

उत्तरः-(दस)

10- 'गुरु गोबिंद सिंह' जी की 'अकाल उस्तुति' के अनुसार ----------जन्म-मरण से रहित है।

उत्तरः-(ईश्वर)

11- गुरु गोबिंद सिंह जी की 'सांसारिक नश्वरता' के अनुसार बड़े-बड़े राजाओं का -------- मिट्टी में मिल गया।

उत्तरः-(घमंड)

12- गुरु गोबिंद सिंह जी की 'भक्ति भावना' के अनुसार ---------ज़मीन व ज़माने दोनों को देता है।

उत्तरः-(ईश्वर)

13- सूरदास के 'वात्सल्य भाव' में -------- अपनी मां यशोदा को बलराम के खिझाने की बात करते है'।

उत्तरः-(श्रीकृष्ण)

14- सूरदास के 'वात्सल्य भाव' में श्रीकृष्ण अपनी मां यशोदा से --------- न खाने की बात कर रहे हैं।

उत्तरः-(मक्खन)

15-मीराबाई की 'ब्रजभूमि' में------रत्न जड़ित सिंहासन पर आप विराजमान हैं।उत्तरः-(श्रीकृष्ण)

16- मीराबाई की 'ब्रजभूमि' में--------गली-गली श्रीकृष्ण की मुरली की धुन सुनने के लिए भटकती फिरती है।

उत्तरः-(राधिका)

17- मीराबाई के 'उपदेश' में मीराबाई-----दिन की ज़िन्दगी की बात करती है।उत्तरः-(चार)

18- बिहारी के 'नीति के दोहे' में धतूरे का एक नाम ---------- भी है। उत्तरः- (कनक)

19- गुरु गोबिंद सिंह जी की 'अकाल उस्तुति' में ईश्वर पर जत्र, मंत्र और ----------का कोई असर नहीं होता।

उत्तरः-(तंत्र)

20- गुरु गोबिंद सिंह जी की 'अकाल उस्तुति' में ईश्वर हाथी व---------दोनों में विद्यमान है।

उत्तरः-(चींटी)

## आधुनिक कविता

1- 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता में------को अपने पति के छोड़ जाने का दुख है।

उत्तरः-(यशोधरा)

2-'सच्ची मित्रता' कविता में सच्चा मित्र ------------- से पार लगाता है। उत्तरः-(भवसागर)

3-'सच्ची मित्रता' कविता में स्वार्थी मित्र मुँह के सामने -----------बातें करता है। उत्तरः-(मीठी)

4-'सच्ची मित्रता' कविता ---------- द्वारा रचित है ।

उत्तरः-(जयशंकर प्रसाद)

5-'दो लड़के' कविता के अनुसार यह संसार अस्थि-मांस के प्राणियों का--------है।उत्तरः-(घर)

6-'पौधों की पीढ़ियाँ' में एक विशाल ----------- के पेड़ का वर्णन है। उत्तरः-( बरगद)

7-'पौधों की पीढ़ियाँ' कविता में बरगद का पेड़ -------का प्रतीक है। उत्तरः-(पुरानी पीढ़ी)

8-'अंधेरे का दीपक' बच्चन जी का एक ----------- गीत है।

उत्तरः-(आशावादी)

9-'दो लड़के' कविता में दोनों लड़के ----------की तरह किलकारी भरते हैं। उत्तरः-(बंदर)

10-'दो लड़के' कविता में दोनों लड़के मिट्टी के मटमैले ----------लगते हैं। उत्तरः-(पुतले)

11-'सुख-दुःख' कविता में जीवन में विरह- ---------- की बात कही गई हैं। उत्तरः-(मिलन)

12-'साँप' कविता में ---------- समाज पर करारा व्यंग्य है।

उत्तरः-(नगर)

13-'बाँध' कविता में ------------- की नदी की बात की गई है।

उत्तरः-(घृणा)

14-'पन्द्रह अगस्त' कविता में पहरेदार को------रहने के लिए कहा गया है।उत्तरः-(सावधान)

15-'पन्द्रह अगस्त' कविता में जनगंगा में --------------- उठ आया है। उत्तरः-(ज्वार)

16-'चलना हमारा काम है' कविता में -----------पाने की बात कही गई है। उत्तरः-(मंज़िल)

17-'चलना हमारा काम है' कविता में कवि ने ---------न बहाने को कहा है। उत्तरः-(आँसू)

18-'कच्चे रंग' कविता में हर वर्ष बड़ी मां कच्चे रंगों से सबके-------लिखती थी।उत्तरः-(नाम)

19-'कच्चे रंग' कविता में ---------- ईंट वाला घर है। उत्तरः-(नानकशाही)

20-'कच्चे रंग' कविता में कवयित्री अपने गाँव के ------पेड़ों को याद करती है।उत्तरः-(देवदार)

## एकांकी

1-'वापसी' एकांकी में लेखक ने रिश्ते नातों के ---------पर व्यंग्य किया है। उत्तरः-(खोखलेपन)

2-'वापसी' एकांकी में अंबिका के पड़ोसी का नाम ------------है। उत्तरः-(सिद्धेश्वर)

3-'वापसी' एकांकी में रायसाहब के भाई का नाम ----------- है। उत्तरः-(दीनानाथ)

4-'वापसी' एकांकी में राय साहब लगभग----------वर्ष तक रंगून के कमिश्नर के कार्यालय में हैडक्लर्क रहे। उत्तरः-(पैंतीस)

5-'वापसी' एकांकी में राय साहब बचपन में --------चले गए थे। उत्तरः-(बर्मा)

6-'वापसी' एकांकी में राय साहब की खराब तबीयत देखकर ----------- डॉक्टर को बुलाकर लाता है। उत्तरः-(सिद्धेश्वर)

7-'वापसी' एकांकी में------के सभी रिश्तेदार कैश बॉक्स के लिए लड़ते हैं। उत्तरः-(राय साहब)

8-'वापसी' एकांकी के प्रमुख पात्र --------- हैं। उत्तरः-(रायसाहब)

9-'वापसी' एकांकी में सरोजिनी की बेटी का नाम ----------- है। उत्तरः-(चन्द्रिका)

10-'वापसी' एकांकी में अपने रिश्तेदारों के व्यवहार से आहत होकर राय साहब ---------वापिस जाने का निश्चय करते हैं। उत्तरः- (बर्मा)

11-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में स्त्री समाज रूपी शरीर की रीढ़ की --------है। उत्तरः-(हड्डी)

12-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की प्रमुख पात्र -------------- है। उत्तरः- (उमा)

13-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा के पिता का नाम -----------है। उत्तरः-(रामस्वरूप)

14-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में ------------- फैशन से कोसों दूर है। उत्तरः-(उमा)

15-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा ------------- कक्षा तक पढ़ी है। उत्तरः- (बी-ए)

16-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में गोपालप्रसाद व उनका बेटा शंकर उमा का ---------- देखकर चौंक जाते हैं। उत्तरः-(चश्मा)

17-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में नौकर का नाम ---------- है। उत्तरः-(रतन)

18-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा --------------की पोल खोल देती है। उत्तरः-(शंकर)

19-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी ----------- समाज पर करारा व्यंग्य है। उत्तरः-(युवक)

20-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा की मां का नाम ----------- है। उत्तरः-(प्रेमा)

## छंद

1-'दोहा' छंद के पहले और तीसरे चरण में -------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(13-13)

2-'चौपाई' में ------------ चरण होते हैं। उत्तरः-(चार)

3-'सवैया' छंद में 22 से लेकर ----------- वर्ण होते हैं। उत्तरः-(26)

4------------- छंद के प्रत्येक चरण में 31 वर्ण होते हैं। उत्तरः-(कवित्त)

5-'चौपाई' के प्रत्येक चरण में ---------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(16)

6-'कवित्त' छंद में 16 तथा ----------- वर्णों पर यति होती है। उत्तरः-(15)

7-'सोरठा' छंद के दूसरे व चौथे चरण में ----------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः- (13-13)

8-'सोरठा' छंद के पहले चरण में ---------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(11)

9-'दोहा' छंद के दूसरे, चौथे चरण में ------------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(11-11)

10-जिस छंद के प्रत्येक चरण में 16-16मात्राएँ होती हैं, वह----छंद कहलाता है।उत्तरः-(चौपाई)

11- --------छंद के विषम चरणों में 13-13 मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(दोहा)

12- दोहा छंद के चारों चरणों में --------------- मात्राएँ होती हैं। उत्तरः-(48)

13- -----------छंद के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं। उत्तर (चौपाई)

## अलंकार

(1) जिस रचना में वर्णों की बार-बार आवृत्ति हो, वहाँ------अलंकार होता है। उत्तर-(अनुप्रास)

(2) जहाँ एक वस्तु की तुलना किसी दूसरी प्रसिद्ध वस्तु के साथ की जाए, वहाँ ------------ अलंकार होता है। उत्तरः-(उपमा)

(3) जिस रचना में किसी एक शब्द का एक से अधिक बार भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयोग हुआ हो, वहाँ -------अलंकार होता है। उत्तरः-(यमक)

(4) जहाँ उपमान पर उपमेय का आरोप हो, वहाँ -------अलंकार होता है। उत्तरः- (रूपक)

(5) जहाँ एक शब्द एक बार प्रयुक्त हो, परंतु दो या दो से अधिक अर्थों का बोध करवाए, वहाँ -------- अलंकार होता है। उत्तरः-(श्लेष)

## साहित्य

1) 'बिहारी सतसई' ---------की रचना है। उत्तरः-(बिहारी)

2) बिहारी का जन्म ----------- में हुआ था। उत्तरः-(1595)

3) बिहारी ने जयपुर के महाराजा जयसिंह के आग्रह पर---------की।उत्तर (बिहारी सतसई)

4) रीतिकाल के प्रवर्त्तक आचार्य कवि ------------को माना जाता है। उत्तरः-(केशव)

5) ताजमहल ------------- की कलाप्रियता का प्रतीक है। उत्तरः-(शाहजहाँ)

6) कवि केशव का जन्म ------------में हुआ। उत्तरः-(1555)

7) ---------को शृंगार, भक्ति और नीति की त्रिवेणी माना जाता है। उत्तर (बिहारी सतसई)

8) ------------ के उपास्य आश्रय राजा शिवाजी तथा छत्रसाल थे। उत्तरः- (भूषण)

9) 'शिवा बावनी' ------------ की रचना है। उत्तरः- (भूषण)

10) 'घनानंद कवित्त' ------------ की रचना है। उत्तरः- (घनानंद)

11) बिहारी जयपुर के महाराजा ------------ के दरबारी कवि थे। उत्तरः-(जय सिंह)

12) 'द्विवेदी युग' में -----------बोली की प्रतिष्ठा हुई। उत्तरः-(खड़ी)

13) 'आर्य समाज' की स्थापना ------------में हुई। उत्तरः- (1875)

14) 'साँप' कविता के कवि ---------- हैं। उत्तरः-(अज्ञेय)

15) 'याचना' कविता ----------की रचना है। उत्तरः- (जयशंकर प्रसाद)

16) भारत चीन युद्ध ----------- में हुआ। उत्तरः- (1962)

17) प्रथम महायुद्ध --------- में हुआ। उत्तरः-(1914)

18) आधुनिक काल को गद्यकाल की संज्ञा-------ने दी है। उत्तरः-(आचार्य रामचंद्र शुक्ल)

19) अंग्रेज़ों ने फूट डालो और ----------------करो की नीति अपनाई। उत्तरः-(शासन)

20) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म ------------- में हुआ। उत्तरः-(1886 ई-)

## सही / गलत

### समास (अव्ययीभाव समास)

| | | सही / गलत |
|---|---|---|
| 1 | 'विधि के अनुसार' का समास होगा - यथाविधि | (√) |
| 2 | 'जितना उचित हो' का समास होगा - यथोचित | (√) |
| 3 | 'सप्ताह-सप्ताह' का समास होगा - प्रति सप्ताह | (√) |
| 4 | 'हाथों हाथ' का समास विग्रह होगा - हाथ में हाथ | (×) |
| 5 | 'बेनाम ' का समास विग्रह होगा - नाम वाला | (×) |
| 6 | 'यथा काल' का समास विग्रह होगा - काल को यथा | (×) |
| 7 | 'आजीवन' का समास विग्रह होगा - जीवन तक/जीवनभर | (√) |
| 8 | 'प्रतिदिन' का समास विग्रह होगा - दिन और दिन | (×) |
| 9 | 'बेखटक'का समास विग्रह होगा - खटके बिना | (√) |
| 10 | 'बीच ही बीच में' का समास होगा - बीचों बीच | (√) |

### तत्पुरुष समास

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 'विदेशगत' का समास विग्रह होगा - विदेश से आया हुआ | (×) |
| 12 | 'हस्तलिखित' का समास विग्रह होगा - हाथ में लिखित | (×) |
| 13 | 'भीड़ भरा' का समास विग्रह होगा - भीड़ से भरा | (√) |
| 14 | 'यश को प्राप्त' का समास होगा - यश प्राप्त | (√) |
| 15 | 'मोह से ग्रस्त' का समास होगा - मोहग्रस्त | (√) |
| 16 | 'सत्याग्रह' का समास विग्रह होगा - सत्य में आग्रह | (×) |
| 17 | 'रसोई घर' का समास विग्रह होगा - रसोई के लिए घर | (√) |
| 18 | 'राह के लिए खर्च' का समास होगा - राहखर्च | (√) |
| 19 | 'देशभक्ति' का समास विग्रह होगा - देश में भक्ति | (×) |
| 20 | 'धनहीन' का समास विग्रह होगा - धन में हीन | (×) |
| 21 | 'ऋण से मुक्त' का समास होगा - ऋणमुक्त | (√) |
| 22 | 'धनहीन' का समास विग्रह होगा - धन से हीन | (√) |
| 23 | 'ज्ञानयुक्त' का समास विग्रह होगा - ज्ञान से युक्त | (√) |
| 24 | 'सेनापति' का समास विग्रह होगा - सेना का पति | (√) |
| 25 | 'राष्ट्रपति' का समास विग्रह होगा - राष्ट्र में पति | (×) |
| 26 | 'देशवासी' का समास विग्रह होगा - देश में वासी | (×) |
| 27 | 'राजा का कुमार' का समास होगा - राजकुमार | (√) |
| 28 | 'गृह में प्रवेश' का समास होगा - गृहप्रवेश | (√) |
| 29 | 'आप पर बीती' का समास होगा - आप बीती | (√) |

30 'सिरदर्द' का समास विग्रह होगा -सिर का दर्द (×)
31 'डाकगाड़ी' का समास विग्रह होगा - डाक पर गाड़ी (×)
32 'धर्मवीर' का समास विग्रह होगा - धर्म में वीर (√)
33 'रामभक्ति' का समास विग्रह होगा - राम की भक्ति (×)
34 'माल गोदाम' का समास विग्रह होगा - माल के लिए गोदाम (√)
35 'नवग्रह' समास का विग्रह होगा - नया है घर जो (×)

## द्वन्द्व समास

36 'सीता और राम' का समास होगा - सीता-राम (√)
37 'गंगा और यमुना' का समास होगा - गंगा-यमुना (√)
38 'नर-नारी' का समास विग्रह होगा - नर और नारी (√)
39 'राजा-रानी' का समास विग्रह होगा - राजा और रानी (√)
40 'धूप और दीप' का समास होगा - धूप में दीप (×)
41 'सुख और दुख' का समास होगा - सुख पर दुख (×)
42 'आचार-व्यवहार' का समास विग्रह होगा - आचार और व्यवहार (√)
43 'पाप-पुण्य' का समास विग्रह होगा - पाप और पुण्य (√)
44 'रात-दिन' का समास विग्रह होगा - रात और दिन (√)
45 'अन्न-जल' का समास होगा - अन्न में जल (×)

## बहुब्रीहि समास

46 'पीताम्बर' का समास विग्रह होगा - पीत है अंबर जिसका (√)
47 अष्टाधयायी का समास विग्रह होगा - आठ पाठ पढ़ने वाला (×)
48 'गज के समान आनन वाला' का समास होगा - पंचानन (×)
49 'बारह हैं सींग जिसके' का समास होगा - बारहसिंगा (√)
50 'त्रिलोचन' का समास विग्रह होगा - तीन हैं नेत्र जिसके (√)
51 'दशानन' का समास विग्रह होगा - दस हैं कान जिसके (×)
52 'मृगनयनी' का समास विग्रह होगा - मृग के समान नयन (×)
53 'गिरिधार' का समास विग्रह होगा - गिरि को धारण करने वाला (√)
54 'मेघ के समान है नाद जिसका' का समास होगा - मेघनाथ (×)
55 'पंकज' का समास विग्रह होगा - पंक में पैदा हो जो (√)

### पारिभाषिक शब्दावली

1 Journalist का हिंदी में पर्याय 'पत्रकार 'होता है। (√)
2 Judiciary का हिंदी में पर्याय 'न्यायपालिका 'होता है। (√)
3 Kindergarten का हिंदी में पर्याय 'बालवाड़ी 'होता है। (√)
4 Labour का हिंदी में पर्याय 'कम 'होता है। (×)
5 Ledger का हिंदी में पर्याय 'खाता 'होता है। (√)
6 Legislative का हिंदी में पर्याय 'संवैधानिक 'होता है। (×)
7 Lump Sum का हिंदी में पर्याय 'एक राशि 'होता है। (√)

8 Majority का हिंदी में पर्याय 'बहुमत ' होता है। (√)
9 Minority का हिंदी में पर्याय 'अल्पसंख्यक ' होता है। (√)
10 Misuse का हिंदी में पर्याय 'सदुपयोग ' होता है। (×)
11 Mourning का हिंदी में पर्याय 'सुबह' होता है। (×)
12 Nationism का हिंदी में पर्याय 'राष्ट्रीयता ' होता है। (√)
13 Nomination का हिंदी में पर्याय 'नामांकन ' होता है। (√)
14 Net Amount का हिंदी में पर्याय 'अल्प आय ' होता है। (×)
15 Objection का हिंदी में पर्याय 'विपत्ति ' होता है। (×)
16 Office Copy का हिंदी में पर्याय 'कार्यालय प्रति ' होता है। (√)
17 Opinion का हिंदी में पर्याय 'राय, मत ' होता है। (√)
18 Out of Stock का हिंदी में पर्याय 'स्टॉक में उपलब्ध ' होता है। (×)
19 Overtime का हिंदी में पर्याय 'अतिरिक्त समय, समयोपरि ' होता है। (√)
20 Part time का हिंदी में पर्याय 'पूर्ण कालिक ' होता है। (×)
21 Petition का हिंदी में पर्याय 'याचिका ' होता है। (√)
22 Postpone का हिंदी में पर्याय 'स्थागित करना ' होता है। (√)
23 Proposal का हिंदी में पर्याय 'प्रस्ताव, प्रस्तावना' होता है। (√)
24 Put Up का हिंदी में पर्याय ' स्तुति करना ' होता है। (×)
25 Quality का हिंदी में पर्याय ' पूर्णता ' होता है। (×)
26 Quarterly का हिंदी में पर्याय ' = त्रैमासिक, तिमाही ' होता है। (√)
27 Ratio का हिंदी में पर्याय ' अनुपात' होता है। (√)
28 Receipt Book का हिंदी में पर्याय 'प्राप्त किताब' होता है। (×)
29 Reimbursement का हिंदी में पर्याय ' प्रतिपूर्ति ' होता है। (√)
30 Rumour का हिंदी में पर्याय ' अफ़वाह ' होता है। (√)
31 Secrecy का हिंदी में पर्याय ' गोपनीयता ' होता है। (√)
32 Senior का हिंदी में पर्याय ' कनिष्ठ ' होता है। (×)
33 Session का हिंदी में पर्याय ' निवेदन ' होता है। (×)
34 Souvaenir का हिंदी में पर्याय ' स्मारिका ' होता है। (√)
35 Subordinate का हिंदी में पर्याय ' अधीनस्थ ' होता है। (√)
36 Surcharge का हिंदी में पर्याय ' अधिभार ' होता है। (√)
37 Tenure का हिंदी में पर्याय ' अवधि ' होता है। (√)
38 Testimonial का हिंदी में पर्याय ' शंसा पत्र= ' होता है। (√)
39 Transaction का हिंदी में पर्याय ' ऋण ' होता है। (×)
40 Unanimous का हिंदी में पर्याय ' सम्पति ' होता है। (×)
41 Undue का हिंदी में पर्याय ' उचित ' होता है। (×)
42 Venue का हिंदी में पर्याय ' स्थान ' होता है। (√)
43 Vigilance का हिंदी में पर्याय ' सतर्कता ' होता है। (√)
44 Vote of Thanks का हिंदी में पर्याय ' धन्यवाद प्रस्ताव ' होता है। (√)

45 Whole Time का हिंदी में पर्याय 'अंशकालिक' होता है। (×)

46 Work load का हिंदी में पर्याय 'कार्यभार' होता है। (√)

47 Withdrawal का हिंदी में पर्याय 'देना' होता है। (×)

48 Writ का हिंदी में पर्याय 'लिखना' होता है। (×)

49 Yearly का हिंदी में पर्याय 'वार्षिक' होता है। (√)

50 Zonal का हिंदी में पर्याय 'आंचलिक या ज़ोनल' होता है। (√)

## हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल )

1 रीतिकाल का समय संवत 1950 माना जाता है। (×)

2 रीतिकाल में चार प्रकार की धाराएँ प्रचलित थीं। (×)

3 रीतिकाल में नीतिपरक काव्य लिखने वाले कवि का नाम वृन्द है। (√)

4 शृंगारपूर्ण रचना इस काल की प्रमुख विशेषता है। (√)

5 'हिन्द की चादर' गुरु तेग बहादुर को कहा जाता है। (√)

6 'बिहारी सतसई' कवि बिहारी की रचना है। (√)

7 रीतिसि) काव्य स्वांतः सुखाय के लिए रचा गया। (√)

8 'घनानंद' रीतिसिद्ध कवि हैं । (×)

9 'प्रेम की पीर' कवि घनानंद को कहा जाता है। (×)

10 वीरता गुरु गोबिंद सिंह के काव्य की प्रमुख विजे"ाता है। (√)

11 भूषण द्वारा 'शिवराज भूषण' लिखी गयी। (√)

12 रीतिकाल को 'रीतिकाल' नाम आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने दिया। (√)

13 बिहारी रीतिसिद्ध कवि हैं। (√

14 आधाुनिक युग का प्रारंभ भारतेन्दु हरिश्चंद्र से माना जाता है। (√)

15 छायावाद का प्रवर्तक महावीर प्रसाद द्विवेदी को माना जाता है। (√)

16 खड़ी बोली का विकास प्रगतिवाद में हुआ। (×)

17 'क्या निराश हुआ जाए' निबन्ध के लेखक निराला हैं। (×)

18 'अँधेरे का दीपक' हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखी गयी। (×)

19 'मधुआ' भारतेन्दु हरिश्चंद्र की रचना है। (√)

20 'कच्चे धागे' मैथिलीशरण गुप्त की रचना है। (×)

21 'पंद्रह अगस्त' पन्त की रचना है। (×)

22 'पौधों की पीढ़ियाँ' सुमित्रनंदन पंत की रचना है। (×)

23 'अज्ञेय प्रगतिवाद' के प्रवर्तक माने जाते हैं। (√)

24 'जो पुल बनाएंगे' अज्ञेय की रचना है। (×)

25 आधुनिक युग की कविता में 'भारतेन्दु युग' भारतेन्दु हरिश्चंद्र के नाम पर पड़ा। (√) (√)

## पद परिचय

1.वह लड़का बहुत मेहनती है। - वाक्य में रेखांकित पद 'लड़का' का पद परिचय इस प्रकार है-

**लड़का**- व्यक्तिवाचक संज्ञा, विशेषण, बहुवचन, कर्म कारक (×)

2.बंदर पेड़ पर बैठा है । -वाक्य में रेखांकित पद 'बैठा है' का पद परिचय इस प्रकार है-
**बैठा है-** अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, कृर्त्तवाच्य, बंदर कर्ता की क्रिया (√)
3.राम मुझे चंडीगढ़ में मिला । वाक्य में रेखांकित पद 'चंडीगढ़' का पद परिचय इस प्रकार है-
**चंडीगढ़** - व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अधिकरण कारक, (√)
4.रमा कक्षा में प्रथम आयी । वाक्य में रेखांकित पद 'आयी' का पद परिचय इस प्रकार है-
**आयी-** विशेषण, पुलि्लग, बहुवचन, वर्तमानकाल (×)
5.शिमला अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है । वाक्य में रेखांकित पद 'प्राकृतिक' का पद परिचय इस प्रकार है-
**प्राकृतिक-,** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन (×)
6.सफ़ेद घोड़ा तेज़ भागता है । वाक्य में रेखांकित पद 'सफ़ेद' का पद परिचय इस प्रकार है-
**सफ़ेद**-गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन (√)
7.मेरा भाई दसवीं कक्षा में पढ़ता है । वाक्य में रेखांकित पद 'दसवीं' का पद परिचय इस प्रकार है-
**दसवीं-** स्त्रीलिंग, एकवचन, क्रमसूचक, संख्यावाचक विशेषण (√)
8.जयशंकर प्रसाद कवि के साथ-साथ महान नाटककार भी थे। वाक्य में रेखांकित पद 'जयशंकर प्रसाद' का पद परिचय इस प्रकार है -
**जयशंकर प्रसाद**-जातिवाचक संज्ञा, करण कारक, स्त्रीलिंग, बहुवचन (×)
9.रमेश मेरा बड़ा भाई है। वाक्य में रेखांकित पद 'भाई' का पद परिचय इस प्रकार है -
**भाई-** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक (√)
10.मैं परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया। वाक्य में रेखांकित पद 'मैं' का पद परिचय इस प्रकार है -
**मैं-** पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एक वचन, कर्त्ता कारक, 'हो गया' क्रिया का कर्त्ता (√)
11.मैं कल दिल्ली जाऊँगा। वाक्य में रेखांकित पद 'दिल्ली' का पद परिचय इस प्रकार है -
**दिल्ली-** जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, विशेषण, कर्त्ता कारक (×)
12.भूपेंद्र ने मेहनत की होती तो पास अवश्य होता। वाक्य में रेखांकित पद 'मेहनत' का पद परिचय इस प्रकार है -
**मेहनत-** भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक (√)
13.हम तुम्हें पिछले साल चंडीगढ़ में मिले थे। वाक्य में रेखांकित पद 'तुम्हें' का पद परिचय इस प्रकार है -
**तुम्हें-** पुरुषवाचक सर्वनाम, मध्यम पुरुष, पुल्लिंग, एक वचन, कर्म कारक 'मिले थे' क्रिया का कर्म (√)
14.परिश्रम सफ़लता की कुंजी है। वाक्य में रेखांकित पद 'परिश्रम' का पद परिचय इस प्रकार है -
**परिश्रम-** बहुवचन, क्रिया, विशेषण, अधिकरण कारक (×)
15 वाह! कितना सुंदर दृश्य है। वाक्य में रेखांकित पद 'वाह!' का पद परिचय इस प्रकार है-
**वाह!-** विस्ममादि बोधक, हर्ष सूचक अव्यय (√)
16.वह विश्वास के योग्य है।वाक्य में रेखांकित पद 'विश्वास के' का पद परिचय इस प्रकार है-
**विश्वास के-** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन विशेषण (×)

17.राम बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। वाक्य में रेखांकित पद 'पढ़ता है' का पद परिचय इस प्रकार है -

**पढ़ता है-** सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, निश्चयार्थ, कर्तृवाच्य (√)

18.मैं हर रोज़ सुबह धीरे-धीरे चलता हूँ। वाक्य में रेखांकित पद 'चलता हूँ ' का पद परिचय इस प्रकार है -

**चलता हूँ-** अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुलि्लग, एकवचन, 'मैं' कर्त्ता की क्रिया है (√)

19.मीना कलम से पत्र लिखती है।वाक्य में रेखांकित पद 'मीना' का पद परिचय इस प्रकार है

**मीना-** व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, कर्त्ता कारक, स्त्रीलिंग (√)

20.नरेंद्र दसवीं कक्षा में पढ़ता है। वाक्य में रेखांकित पद 'कक्षा में' का पद परिचय इस प्रकार है -

**कक्षा में** - जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एक वचन, अधिकरण कारक (√)

21.हम स्टेशन पर पहुंचे ही थे कि गाड़ी चल पड़ी। वाक्य में रेखांकित पद 'हम' का पद परिचय इस प्रकार है -

**हम-** मध्यम पुरूष, कर्म कारक, एकवचन (×)

22.तुम बड़े कायर हो । वाक्य में रेखांकित पद 'कायर' का पद परिचय इस प्रकार है -

**कायर-** गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, अपूर्ण अकर्मक 'हो' क्रिया की पूर्ति करने से कृर्त पूरक (√)

23.तुझे वहाँ जाना था । वाक्य में रेखांकित पद 'तुझे' का पद परिचय इस प्रकार है -

**तुझे** - उत्तम पुरूष, बहुवचन, करण कारक (×)

24.वाह! कितनी सुंदर कला है । वाक्य में रेखांकित पद 'वाह!' का पद परिचय इस प्रकार है-

**वाह** - विस्मयादिबोधक, हर्ष सूचक, अव्यय (√)

## भाग-ख

## प्राचीन काव्य

## अति लघूत्तर प्रश्न

प्र- 1 'विनय के पद' के आधार पर सूरदास की भक्ति भावना को स्पष्ट करें।

प्र- 2 खेलन अब मेरी जात बलैया में श्रीकृष्ण खेलने क्यों नहीं जाना चाहते ? संकलित पद के आधार पर उत्तर दें।

प्र- 3 मीरा के विरह में अलौकिक प्रेम के दर्शन होते हैं। स्पष्ट करें।

प्र- 4 मीरा ने 'वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु' में किस अमूल्य वस्तु का वर्णन किया है?

प्र- 5 पाठ्य पुस्तक के आधार पर मीराबाई की भक्ति भावना एवं विरह का चित्रण करें।

प्र- 6 बिहारी के सौन्दर्य चित्रण में श्रीकृष्ण की तुलना किससे की गयी है ?

प्र- 7 बिहारी के अनुसार लालची व्यक्ति का कैसा स्वभाव होता है?

प्र- 8 गुरु गोबिंद सिंह जी ने वर याचना के अन्तर्गत क्या वर माँगा है?

प्र- 9 'अकाल उस्तति' में गुरु गोबिंद सिंह जी ने ईश्वर के स्वरूप का वर्णन कैसे किया है?

प्र- 10 'भक्ति भावना' में गुरु जी ने मानव को प्रभु पर विश्वास रखने और अडिग रहने का क्या सन्देश दिया है?

## आधुनिक काव्य

प्र- 1 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता में यशोधरा को किस बात का दुःख है?

प्र- 2 'सच्ची मित्रता' क्या है? प्रस्तुत कविता के माध्यम से अपने विचार प्रकट करें ।

प्र- 3 'सुख-दुःख' कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

प्र- 4 'बरगद का पेड़' किसका प्रतीक है? 'पौधों की पीढ़ियाँ ' कविता के आधार पर स्पष्ट करें।

प्र- 5 'सांप' कविता का केन्द्रीय भाव लिखें।

प्र- 6 'मानव बनो, मानव ज़रा' कविता से हमें क्या सन्देश मिलता है ?

प्र- 7 विशाल संसार में मनुष्य का अस्तित्व क्या है? 'आदमी का अनुपात' कविता के आधार पर लिखो।

प्र- 8 'यातायात' कविता में स्वच्छन्द विचारधारा को फ़लने-फ़ूलने का मौका देने की बात की गई है। इसे स्पष्ट करें।

प्र 9 'जुगनू की दस्तक' कविता एक आशावादी प्रतीकात्मक कविता है। इसे स्पष्ट करें।

प्र- 10 'कच्चे रंग' कविता का भाव स्पष्ट करें।

## निबन्ध भाग

प्र-1 सच्चे वीर पुरुष का स्वभाव कैसा होता है? 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-2 वीर पुरुष का दिल सबका दिल हो जाता है। 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-3 आजकल चिंता का क्या कारण है ? 'क्या निराश हुआ जाए' निबन्ध के आधार पर स्पष्ट करें।

प्र-4 जलियांवाला बाग में गोलियों की बौछार से बचने के लिए लोगों ने क्या किया? 'अगर ये बोल पाते : जलियांवाला बाग' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-5 जलियांवाला बाग में सभा का आयोजन किस उद्देश्य से किया गया था ? 'अगर ये बोल पाते : जलियांवाला बाग' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-6 'समय नहीं मिला' निबन्ध से क्या शिक्षा मिलती है ?

प्र-7 शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रहे शॉर्टकट का वर्णन अपने शब्दों में करें। 'शॉर्टकट सब ओर' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-8 'शॉर्टकट सब ओर' निबंध में लेखक ने शॉर्टकट के कुप्रभावों की ओर क्या सन्देश दिया है ?

प्र-9 'ज़फ़रनामा' के विषय में आप क्या जानते हैं? 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के आधार पर लिखें।

प्र-10 गुरु जी के मानवीय दृष्टिकोण का परिचय कैसे मिलता है? 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के आधार पर अपने शब्दों में लिखें।

## कहानी भाग

प्र-1 'मधुआ' कहानी में लेखक ने एक बालक द्वारा शराबी के हृदय परिवर्तन का सुंदर चित्रांकन किया है।स्पष्ट करें।

प्र-2 'मधुआ' कहानी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है ?

प्र-3 'मधुआ' कहानी में लेखक ने मद्यपान के कुप्रभावों को सामने रखते हुए दायित्व और स्नेह के द्वारा एस समस्या का अनूठा समाधान ढूँढ़ा है - आपके एस विषय में क्या विचार हैं ?

प्र-4 शिकारी जब पुन: वन में आए तो पशु और वनस्पतियाँ क्यों भड़क उठीं ? 'तत्सत' कहानी के आधार पर स्पष्ट करें।

प्र-5 'तत्सत' कहानी में पशु और पेड़ पौधे वन के नाम से भयातुर क्यों होने लगे थे?

प्र-6 'ठेस' कहानी में सिरचन किस बात से नाराज़ होकर काम छोड़कर चला जाता है?

प्र-7 'ठेस' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट करें।

प्र--8 'उपेक्षिता' कहानी में कमला के माँ-बाप ने लड़की पैदा होने पर उसे कैसे सांत्वना दी ?

प्र-9 लेखक के मित्रों ने लड़की पैदा होने पर अपने उद्गार कैसे पेश किए ? 'उपेक्षिता' कहानी के आधार पर लिखें।

## एकांकी

1- प्रश्नः-वापसी एकांकी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है? स्पष्ट करें।

2- प्रश्नः- वापसी एकांकी के आधार पर सिद्धेश्वर का चरित्र चित्रण करें।

3- प्रश्नः-'वापसी' एकांकी के आधार पर रायसाहब का चरित्र चित्रण करें।

4- प्रश्नः- 'वापसी' एकांकी से क्या शिक्षा मिलती है?

5- प्रश्नः- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उमा का चरित्र चित्रण करें।

6- प्रश्नः- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लेखक क्या कहना चाहता है?

7- प्रश्नः- 'रीढ़ की हड्डी' किसका प्रतीक है? अपने शब्दों में वर्णन करें।

8- प्रश्नः-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस सामाजिक समस्या का वर्णन हुआ है?

## विज्ञापन

(1) आपका नाम विनोद गुप्ता है। आप मकान नंबर 3154 सेक्टर 47-डी चंड़ीगढ़ में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर-4567863828है। आप अपने छह मरले के मकान को बेचना चाहते हैं। 'मकान बिकाऊ है' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखें।

(2) आप कोठी नंबर 1356, सेक्टर 20, नंगल में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर-9699567890 है। आपको अपने बाग बगीचे के काम के लिए एक कुशल माली की आवश्यकता है। माली की आवश्यकता के विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(3) आपका नाम डॉ- भूपेंद्रपाल सिंह है। आप मकान नंबर-162, सेक्टर 22-डी चंडीगढ़ में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर-9854686700 है। मोटापे व जोड़ों से संबंधित बीमारियों के आप कुशल डॉक्टर हैं। चिकित्सा संबंधी विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(4) आपका नाम रजनीश शर्मा है। आप मकान नं 151, सेक्टर 19, चंडीगढ़ में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर 9456038215 है। आप अपनी 2008 मॉडल की टाटा सफारी कार बेचना चाहते हैं। 'कार बिकाऊ है' शीर्षक के अंतर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(5) संत कबीर पब्लिक स्कूल, करनाल के प्रिंसिपल की ओर से वर्गीकृत विज्ञापन के अंतर्गत स्कूल बस के लिए 'एक कुशल ड्राइवर चाहिए' विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखें।

(6) आपका नाम मनीषा है। आप मकान नंबर 612, सेक्टर 20, नोएडा में रहती हैं। घर के काम काज हेतु आपको एक नौकरानी की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अंतर्गत 'नौकरानी की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखें।

(7) आपका नाम विजय शर्मा है। आप डी.ए.वी स्कूल, मलोट के प्रिंसिपल हैं। आपको अपने स्कूल के लिए एम.ए.बी-एड. गणित अध्यापक की आवश्यकता है। 'गणित अध्यापक की आवश्यकता है' शीर्षक के अंतर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखें।

(8) आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर-17, चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नंबर-9218593210 है। आपको अपने होटल के लिए मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अंतर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

## सूचना

1- सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, किशनपुरा के प्रिंसिपल की ओर से सूचनापट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें,जिसमें प्रिंसिपल की ओर से सभी अध्यापकों व छात्रों को 26 जनवरी, 2019 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे स्कूल आना अनिवार्य रूप से कहा गया हो।

2- सरकारी मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल, सूरत के प्रिंसिपल की ओर से सूचना पट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें, जिसमें वर्दी न पहनकर आने वाले पर अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो।

3- आपके सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, भवानीगढ़ में वार्षिक उत्सव पर गिद्दा व भाँगड़ा का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्रपाल सिंह द्वारा एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें इच्छुक विद्यार्थियों को इनमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया हो।

4- सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, फगवाड़ा के प्रिंसिपल की ओर से स्कूल के सूचनापट्ट (नोटिस बोर्ड) के लिए एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें स्कूल के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए सेक्शन बदलने की अंतिम तिथि 25-04-2019 दी गयी हो।

5- आपका नाम प्रदीप कुमार है। आप सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, लुधियाना में हिंदी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की हिंदी साहित्य समिति के सचिव हैं। आपके स्कूल में स्वच्छता अभियान विषय पर दिनांक 23-08-2019 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सचिव होने के नाते आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार करें जिसमें सभी विद्यार्थियों को भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।

6- आपका नाम कुलविन्द्र सिंह है। आप सरस्वती पब्लिक स्कूल समराला के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में दिनांक 7 जुलाई, 2019 को विज्ञान प्रदर्शनी लग रही है। आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए , जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए कहा गया हो।

7- आपका नाम जगदीश सिंह है। आप सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, रोपड़ के ड्रामा क्लब के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में 25 मई, 2019 को एक ऐतिहासिक नाटक का मंचन किया जाता है जिसका नाम है 'रानी लक्ष्मीबाई'। आप इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार करें

जिसमें विद्यार्थियों को उपर्युक्त नाटक में भाग लेने के लिए नाम लिखवाने के लिए कहा गया हो।

8- आपका नाम विशाल कुमार है अआप सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लुधियाना में पढ़ते हैं अआप एन एस एस यूनिट के मुख्य सचिव हैं आपके स्कूल में दिनांक 25.04.2019को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैअआप अपनी ओर से एक सूचना तैयार करके लिखिए,जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों से रक्तदान के लिए अनुग्रह किया गया हो ।

## पंजाबी से हिंदी अनुवाद

**निम्नलिखित गद्यांशों का हिंदी में अनुवाद करें-**

1. ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਬਾਣੀ ਦੇ ਤਿੰਨ ਉੱਚੇ ਆਦਰਸ਼, ਨਾਮ ਜਪੋ, ਕਿਰਤ ਕਰੋ, ਅਤੇ ਵੰਡ ਕੇ ਛਕੋ, ਪੰਜਾਬੀ ਰਹਿਣ-ਸਹਿਣ ਵਿੱਚ ਡੂੰਘੀਆਂ ਜੜ੍ਹਾਂ ਫੜ ਗਏ। ਪੰਜਾਬੀ ਕਿਰਤ ਕਰਕੇ ਖੁਸ਼ਹਾਲ ਉੱਚਾ ਜੀਵਨ ਮਿਆਰ ਜਿਊਣ ਲਈ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਕਿਸੇ ਵੀ ਹਿੱਸੇ ਵਿੱਚ ਪੁੱਜਣ ਲੱਗੇ। ਪੰਜਾਬੀਆਂ ਨੇ ਹਰ ਕੰਮ, ਹਰ ਧੰਦੇ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਮਿਹਨਤ ਨਾਲ ਨਾਮਣਾ ਖੱਟਿਆ।
2. ਆਮਤੌਰ 'ਤੇ ਇਹ ਸਮਝਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕ-ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਜਾਂ ਵਹਿਮ ਭਰਮ ਮਨੁੱਖ ਦੀ ਨਿਮਨ ਬੋਧਿਕ ਅਵਸਥਾ ਦੀ ਉਪਜ ਹਨ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਤੀਤ ਵਿੱਚ ਕਾਫ਼ੀ ਮਹੱਤਤਾ ਹੈ ਜਾਂ ਲੋਕ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਅਤੇ ਵਹਿਮ-ਭਰਮ ਉਹਨਾਂ ਸਮਾਜਾਂ ਦੀ ਹੀ ਜੀਵਨ ਜਾਚ ਦਾ ਅੰਗ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਆਦਿਮ ਕਾਲੀਨ ਸਮਾਜਾਂ ਨਾਲ਼ ਕਾਫ਼ੀ ਮਿਲਦੇ ਜੁਲਦੇ ਹਨ।
3. ਕੱਲ ਐਤਵਾਰ ਸੀ। ਇਹ ਛੁੱਟੀ ਦਾ ਦਿਨ ਸੀ। ਮੇਰੇ ਘਰ ਵਿੱਚ ਪਾਰਟੀ ਸੀ। ਇਹ ਮੇਰੇ ਜਨਮ ਦਿਨ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਸੀ। ਉੱਥੇ ਇਕ ਕੇਕ ਸੀ, ਜਿਸ ਉੱਤੇ ਬਾਰਾਂ ਮੋਮਬੱਤੀਆਂ ਸਨ। ਉੱਥੇ ਮਿਠਾਈਆਂ ਤੇ ਬਿੱਸਕੁਟ ਸਨ। ਮੇਰੀ ਮਾਤਾ ਜੀ ਨੇ ਮੋਮਬੱਤੀਆਂ ਬਾਲੀਆਂ। ਮੈਂ 11 ਮੋਮਬੱਤੀਆਂ ਬੁੱਝਾ ਦਿੱਤੀਆਂ।
4. ਮੈਂ ਕੇਕ ਕੱਟਿਆ। ਮੇਰੇ ਮਿੱਤਰ ਗਾ ਰਹੇ ਸਨ, "ਜਨਮਦਿਨ ਦੀ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈ ਹੋਵੇ"। ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਬਹੁਤ ਖੁਸ਼ ਸੀ। ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਿਤਾ ਜੀ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਸਭ ਤੋਂ ਚੰਗੇ ਮਿਤਰ ਰਾਜੂ ਦੀ ਯਾਦ ਆਈ। ਮੇਰੀ ਮਾਤਾ ਜੀ ਨੇ ਅੰਤ ਵਿਚ ਸਭ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕੀਤਾ।
5. ਅੱਜ 26 ਜਨਵਰੀ ਦਾ ਦਿਨ ਹੈ। ਸਾਡਾ ਸ਼ਹਿਰ ਬੜਾ ਸਾਫ ਸੁਥਰਾ ਦਿਖਾਈ ਦੇ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪੁਰਸ਼ਾਂ, ਇਸਤਰੀਆਂ ਅਤੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੇ ਨਵੇਂ-ਨਵੇਂ ਕਪੜੇ ਪਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਹ ਸਾਰੇ ਪਰੇਡ ਗਰਾਉਂਡ ਵੱਲ ਜਾ ਰਹੇ ਸਨ। ਉੱਥੇ ਸਿੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਆ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਹ ਸਾਡਾ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਝੰਡਾ ਲਹਿਰਾਉਣਗੇ।
6. ਇਹ ਸਾਡਾ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਝੰਡਾ ਹੈ। ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਝੰਡੇ ਨੂੰ ਸਲਾਮੀ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਲੋਕ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਗੀਤ ਗਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਿਤ ਕੀਤਾ। ਭਾਰਤ ਦੋ ਸੌ ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਅੰਗਰੇਜ਼ੀ ਸ਼ਾਸ਼ਨ ਦੇ ਅਧੀਨ ਰਿਹਾ। ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਸਾਡੀ ਆਜ਼ਾਦੀ ਲਈ ਲੜੇ। ਸਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਾਗ-ਡੋਰ ਹੇਠ ਆਜ਼ਾਦੀ ਮਿਲੀ। ਉਹ ਸਾਡੇ ਰਾਸ਼ਟਰ ਪਿਤਾ ਹਨ।
   ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਮਹਾਨ ਨੇਤਾਵਾਂ ਤੇ ਮਾਣ ਹੈ।
7. ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਇੱਕ ਸਧਾਰਨ ਪੁਰਖ ਨਹੀਂ ਸਨ। ਉਹ ਇੱਕ ਅਵਤਾਰ ਪੁਰਖ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਸੁਧਾਰਕ ਸਨ। ਉਹ ਏਕਤਾ, ਸਮਾਨਤਾ, ਪ੍ਰੇਮ, ਸੱਚਾਈ ਅਤੇ ਸ਼ਾਂਤੀ ਦੇ ਪ੍ਰਤੀਕ ਸਨ। ਉਹ ਉਸ ਸਮੇਂ ਪੈਦਾ ਹੋਏ, ਜਦ ਉੱਚੀ ਜਾਤੀ ਦੇ ਲੋਕ ਨੀਵੀਂ ਜਾਤੀ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਨਫਰਤ ਨਾਲ ਦੇਖਦੇ ਸਨ। ਲੋਕ ਭਰਮਾਂ ਅਤੇ ਝੂਠੇ ਰੀਤੀ ਰਿਵਾਜ਼ਾਂ ਵਿਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਰੱਖਦੇ ਸਨ। ਉਹ ਰੱਬ ਨੂੰ ਭੁੱਲ ਚੁੱਕੇ ਸਨ। ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਉਹਨਾਂ ਨੂੰ ਸੱਚਾ ਰਾਹ ਵਿਖਾਇਆ।
8. ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਨੇ ਉਹਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸੱਚਾ ਧਰਮ ਅਤੇ ਪੂਜਾ ਮਨੁੱਖਤਾ ਨਾਲ ਪ੍ਰੇਮ ਕਰਨਾ ਹੈ।

ਇਹ ਸਾਨੂੰ ਆਪਸ ਵਿੱਚ ਮਿਲਾਉਂਦਾ ਹੈ ਨਾ ਕਿ ਵੱਖ ਵੱਖ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਵਾਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਉਹਨਾਂ ਨੂੰ ਪੁੱਛਿਆ ਕਿ ਹਿੰਦੂ ਵੱਡੇ ਹਨ ਜਾਂ ਮੁਸਲਮਾਨ। ਉਹਨਾਂ ਉੱਤਰ ਦਿੱਤਾ ਨੇਕ ਕਰਮ ਤੋਂ ਬਗੈਰ ਦੋਵੇ ਹੀ ਚੰਗੇ ਨਹੀਂ ਹਨ।

9. ਪੰਡਿਤ ਜਵਾਹਰ ਲਾਲ ਨਹਿਰੂ ਸਿਰਫ਼ ਭਾਰਤ ਵਿਚ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਸਗੋਂ ਸਾਰੇ ਸੰਸਾਰ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਸਿੱਧ ਹਨ। ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਪਿਤਾ ਪੰਡਿਤ ਮੋਤੀ ਲਾਲ ਨਹਿਰੂ ਇਕ ਨਾਮੀ ਵਕੀਲ ਸਨ ਅਤੇ ਰਾਜਸੀ ਜੀਵਨ ਵਤੀਤ ਕਰਦੇ ਸਨ। ਸੰਨ 1921 ਵਿੱਚ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਨੇ ਭਾਰਤ ਦੀ ਅਜ਼ਾਦੀ ਲਈ ਅੰਦੋਲਨ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ। ਪਿਤਾ ਵਾਂਗ ਪੁੱਤਰ ਨੇ ਵੀ ਇਸ ਵਿੱਚ ਭਾਗ ਲਿਆ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਵੀਰਤਾ ਦਾ ਪਰਿਚੈ ਦਿੱਤਾ।

10. ਪ੍ਰਕਿਰਤੀ ਜਾਂ ਮਨੁੱਖੀ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਵਾਪਰੀ ਕਿਸੇ ਘਟਨਾ ਦਾ ਸੰਬੰਧ ਜਦੋਂ ਕਿਸੇ ਦੂਸਰੀ ਘਟਨਾ ਨਾਲ਼ ਜੁੜ ਗਿਆ ਤਾਂ ਮਨੁੱਖ ਸਮਾਨ ਸਥਿਤੀਆਂ ਵਿੱਚ ਅਜਿਹੀਆਂ ਹੀ ਘਟਨਾਵਾਂ ਦੇ ਵਾਪਰਨ ਬਾਰੇ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਕਰਨ ਲੱਗ ਪਿਆ | ਉਸਨੇ ਇੱਕ ਘਟਨਾ ਨੂੰ ਦੂਸਰੀ ਦਾ ਕਾਰਨ ਮੰਨ ਲਿਆ |

11. ਲੋਕ-ਖੇਡਾਂ ਵਿੱਚ ਖਿਡਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਇੱਕਤਰ ਕਰਨ ਦਾ ਢੰਗ ਵੀ ਬਹੁਤ ਦਿਲਖਿੱਚਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ | ਕੁਝ ਬੱਚੇ ਕਿਸੇ ਉੱਚੀ ਜਗ੍ਹਾ 'ਤੇ ਖੜ੍ਹੇ ਹੋ ਕੇ ਉੱਚੀ ਸੁਰ ਵਿੱਚ ਲੈਮਈ ਬੋਲ ਉਚਾਰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸੁਣ ਕੇ ਬੱਚੇ ਚੋਰੀ-ਛਿਪੀ, ਬਹਾਨੇ ਨਾਲ਼ ਘਰਾਂ ਤੋਂ ਨਿਕਲ ਕੇ ਖੇਡ ਵਿੱਚ ਆ ਸ਼ਾਮਲ ਹੁੰਦੇ ਹਨ |

12. ਨਕਲਾਂ ਵਿੱਚ ਦਰਸ਼ਕਾਂ ਦੀ ਵੀ ਅਹਿਮ ਭੂਮਿਕਾ ਹੁੰਦੀ ਹੈ | ਅਦਾਕਾਰਾਂ ਤੇ ਦਰਸ਼ਕਾਂ ਦਾ ਆਪਸ ਵਿੱਚ ਬੜਾ ਗੂੜਾ ਸੰਬੰਧ ਹੁੰਦਾ ਹੈ | ਦਰਸ਼ਕ ਜਦ ਜੀਅ ਚਾਹਵੇ ਨਕਲਾਂ ਵਿੱਚ ਦਖ਼ਲਅੰਦਾਜ਼ੀ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ | ਜਦੋਂ ਨਕਲੀਏ ਪਿੜ ਲਾਉਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਦਰਸ਼ਕ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਇਰਦ-ਗਿਰਦ ਜੁੜਨੇ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ |

13. ਲੋਕ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਅਤੇ ਵਹਿਮ-ਭਰਮ ਅੱਜ ਵੀ ਸਾਡੇ ਲੋਕ-ਜੀਵਨ ਦਾ ਜੀਵੰਤ ਅੰਗ ਹਨ | ਜਨਮ, ਵਿਆਹ ਅਤੇ ਮਰਨ ਦੇ ਸੰਸਕਾਰ ਅੱਜ ਵੀ ਸ਼ਰਧਾ ਭਾਵਨਾ ਨਾਲ਼ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ | ਬਿਮਾਰੀਆਂ ਦੇ ਇਲਾਜ ਲਈ ਬਹੁਗਿਣਤੀ ਅੱਜ ਵੀ ਉਹਨਾਂ ਪਰੰਪਰਾਗਤ ਇਲਾਜ ਵਿਧੀਆਂ ਵਿੱਚ ਯਕੀਨ ਰੱਖਦੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਧਾਰ ਲੋਕ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਹਨ |

14. ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਇਸ ਧਰਤੀ ਦਾ ਇਹ ਨਾਂ ਤਾਂ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੇ ਆਉਣ ਨਾਲ ਪੰਜ + ਆਬ ਤੋਂ ਪ੍ਰਚਲਿਤ ਹੋਇਆ, ਪਰ ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਸ ਖਿੱਤੇ ਬਾਰੇ ਪੰਚਨਦ ਨਾਂ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹਨ | ਸਮੇਂ ਦੇ ਬਦਲਣ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਇਹ ਭੁਗੋਲਿਕ ਖਿੱਤਾ ਸੰਸਾਰ ਦੇ ਪ੍ਰਾਚੀਨਤਮ ਵਿਕਸਿਤ ਮਹਾਨ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਦਾ ਕੇਂਦਰ ਬਣ ਜਾਂਦਾ ਹੈ |

## छंद

1- दोहा छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

2- सोरठा छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

3- चौपाई छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

4- सवैया छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

5- कवित्त छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

## अलंकार

1- अनुप्रास अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

2- यमक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

3- रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

4- उपमा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

5- श्लेष अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

## निबन्ध

**1-विद्यार्थी और अनुशासन**

संकेत बिन्दुः (क) नियमबद्धता ही अनुशासन है। (ख) अनुशासन का शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। (ग) अनुशासन : विद्यार्थी की प्रगति में सहायक (घ) अनुशासन भावी जीवन के लिए आवश्यक।

**2- पुस्तकालय और उसके लाभ**

संकेत बिन्दुः (क) पुस्तकें हमारी अभिन्न मित्र हैं। (ख) पुस्तकों से जिज्ञासा की तृप्ति होती है। (ग) पुस्तकालयों की विविधता (ग) पुस्तकालय के नियम (घ) पुस्तकालय की उपयोगिता व महत्व।

**3- बेरोज़गारी की समस्या**

संकेत बिन्दुः (क) बेरोज़गारी एक महत्वपूर्ण समस्या है। (ख) जनसंख्या वृद्धि , शिक्षा नीति, प्रभावशाली सरकारी योजनाओं का अभाव आदि बेरोज़गारी के कारण हैं। (ग) समाधान हेतु प्रौद्योगिकी विकास, शिक्षा, रोज़गार दिलाने वाली, उचित आर्थिक नीति का निर्माण।

**4- भ्रष्टाचार की समस्या**

संकेत बिन्दुः (क) भ्रष्ट आचरण ही भ्रष्टाचार है। (ख) व्यक्ति अपनी असीमित इच्छाओं के वश में पड़कर भ्रष्टाचार फ़ैलाता है। (ग) भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में अपने पैर पसार चुका है। (घ) प्रत्येक राष्ट्र का कोना-2 भ्रष्टाचार से ग्रसित है। (ङ) भ्रष्टाचार पर नियन्त्रण नैतिकता को प्रोत्साहित करके किया जा सकता है।

**5- खेलों का महत्त्व**

संकेत बिन्दुः (क) खेल मनोरंजन और शक्ति का भण्डार हैं। (ख) भारत के परम्परागत खेल (ग) खेल का शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। (घ) खेल द्वारा अनुशासन की भावना का विकास। (ङ) भातृत्व एवं नेतृत्व गुणों का विकास।

**6- समाचार पत्रें का महत्व**

संकेत बिन्दुः (क) समाचार पत्र हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न अंग हैं। (ख) सामाजिक समस्याओं का उद्घाटन (ग) साहित्य एवं साहित्यकारों की जानकारी की प्राप्ति। (घ) विविध संस्करण जैसे खेल संस्करण, बाल संस्करण आदि। (ङ) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा क्रान्ति आयी।

**7- समय का सदुपयोग**

संकेत बिन्दुः (क) समय का सदुपयोग ही हमारे जीवन की सफ़लता की कुंजी है। (ख) समय की पाबन्दी (ग) बीता समय वापस नहीं आता। (घ) समय ही भाग्य एवं भविष्य का निर्माता।

**8- स्वास्थ्य और व्यायाम**

संकेत बिन्दुः (क) 'शरीर का स्वस्थ होना अनिवार्य है । (ख) स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम उपाय व्यायाम है। (ग) स्वास्थ्य और व्यायाम एक दूसरे के पूरक हैं। (घ) स्वास्थ्य जीवन का सर्वोत्तम धन है।

**9- 'शहीद भगत सिंह**

संकेत बिन्दुः (क) भारत का इतिहास वीर सपूतों, क्रान्तिकारियों से भरा पड़ा है। (ख) भगत सिंह को क्रान्तिकारी विचार विरासत में मिले (ग) लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लिया। (घ) शहीद भगत सिंह एक मौलिक चिन्तक तथा ओजस्वी लेखक थे। (ङ) भारतीयों के दिलों में विराजमान।

**10- जल संकट की समस्या**

संकेत बिन्दुः (क) जल ही जीवन है। (ख) जल का दुरुपयोग रोकना अत्यंत आवश्यक है। (ग) जल का सदुपयोग करना चाहिए। (घ) जल संकट का निराकरण

---